


देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

जनहित का सजग प्रहरी

# जन जन जागरण



Web Site: www.janjanjagran.com | झांसी और भोपाल से एक साथ प्रकाशित | झांसी, बुधवार 11 जून 2025 | वर्ष-13 अंक-298 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए



# पाकिस्तान को बेनकाब करने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मिले पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम आवास पर 'ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के मजबूत रुख से अवगत कराने के लिए विश्व की राजधानियों की यात्रा पर गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने प्रधानमंत्री के साथ विभिन्न देशों में हुई अपनी बैठकों के बारे में अपने अनुभव साझा किए।

सभी दलों के सांसदों, पूर्व सांसदों और प्रतिष्ठित राजनयिकों से मिलकर बने इन प्रतिनिधिमंडलों ने अपने दौरों के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख और विश्व शांति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को उजागर किया।

केंद्र सरकार पहले ही 50 से अधिक व्यक्तियों वाले सात प्रतिनिधिमंडलों के कार्य की प्रशंसा कर चुकी है, जिनमें अधिकतर वर्तमान सांसद हैं। पूर्व सांसद और पूर्व राजनयिक भी इन प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा थे, जिन्होंने 33 विदेशी राजधानियों और यूरोपीय संघ का दौरा किया।

विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही प्रतिनिधिमंडलों से मिल चुके हैं और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख को व्यक्त करने में उनके प्रयासों की सराहना कर चुके हैं।

चार प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व सत्तारूढ़ गठबंधन के सांसदों ने किया,



जिनमें भाजपा के दो, जद (यू) के एक और शिवसेना के एक सांसद शामिल थे, जबकि तीन का नेतृत्व विपक्षी सांसदों ने किया जिनमें कांग्रेस, द्रमुक और राकांपा (एसपी) के एक-एक सांसद शामिल थे।

भाजपा के रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, कांग्रेस के शशि थरूर, जद (यू) के संजय झा, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे, द्रमुक की कनिमोई और राकांपा (एसपी) की सुप्रिया सुले ने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में अपने-अपने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।


सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजे थे, जिनमें कांग्रेस सांसद शशि थरूर और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी जैसे लोग विदेशों में भारत के हितों की पैरवी करने के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों के साथ थे। प्रतिनिधिमंडलों में प्रमुख पूर्व सांसदों में पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद और सलमान खुर्शीद शामिल थे।

# सीएम योगी बोले- अब बहराइच में गाजी का नहीं महाराजा सुहेलदेव और मां पाटेश्वरी का मेला लगेगा

**लखनऊ।** बहराइच के चित्तौरा झील के तट पर आयोजित महाराजा सुहेलदेव विजयोत्सव में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराजा सुहेलदेव के पराक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि अब कहीं भी किसी विदेशी आक्रांता का महिमा मंडन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि बहराइच में गाजी का नहीं महाराजा सुहेलदेव का और मंडल में मां पाटेश्वरी का मेला लगेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अपने हेलीकॉप्टर से चित्तौरा झील के तट पर पहुंचे और 1243 करोड़ की 384 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के साथ ही पांच बच्चों का अन्नप्राशन कराकर तथा महाराजा सुहेलदेव के नाम पर उनका नामकरण कराकर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत के मठ मंदिरों को लूटकर भारतीय संस्कृति को नष्ट करने का मंसूबा लेकर आया सैयद सालार मसूद गाजी को महाराजा सुहेलदेव ने अपनी कूटनीति तथा युद्धनीति से जहन्नुम में पहुंचा दिया।

उन्होंने सपा, बसपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन राजनीतिक दलों ने सत्ता में रहते हुए धर्म,



संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा करने वाले महाराजा सुहेलदेव के पराक्रम को भुलाकर विदेशी आक्रांता को महिमा मंडित कर हर वर्ष उनका विवाह कराते थे। यह सब तुष्टीकरण की नीति के तहत किया जा रहा था। इसके बाद जब से देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई तभी से गुजरात में भारतीय गणराज्य में देशी रियासतों को मिलाने वाले महापुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की विश्व की लंबी प्रतिमा स्थापित कर उनके योगदान का सम्मान किया।

उसके बाद राम मंदिर निर्माण के साथ ही अयोध्या में राम दरबार सज गया। अयोध्या, मथुरा, काशी तथा नैमिषारण्य का सुंदरीकरण कराया गया और अब आज ही के दिन 10 जून 1034 को विदेशी आक्रांता को धूल चटाने वाले महापराक्रमी चक्रवर्ती सम्राट महाराजा सुहेलदेव के विजयोत्सव पर उनकी 17 फुट ऊंची और चालीस फिट लंबी प्रतिमा की स्थापना करने के साथ आजमगढ़ में निर्मित विश्वविद्यालय का नाम महाराजा सुहेलदेव के नाम पर रखा गया। महाराजा सुहेलदेव पर शोध करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने की योजना शुरू की गई है।

मुख्यमंत्री ने महाराजा सुहेलदेव विजयोत्सव में दशकों से अपनी भूमिका निभाने वाले दिवंगत पंडित हनुमान शर्मा, पंडित गुलाब चंद शुक्ल,विहिप के पूर्व अध्यक्ष संतराम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अन्य सहयोगी मुकुट बिहारी वर्मा, सुरेश्वर सिंह, अक्षयवर लाल गोंड, अर्जुन कुमार दिलीप तथा श्यामकरन टेकड़ीवाल आदि के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर, पर्यटन मंत्री तथा कार्यक्रम के आयोजक जयवीर सिंह, सांसद डा. आनंद कुमार गोंड, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, पयागपुर के विधायक सुभाष त्रिपाठी, महसी के सुरेश्वर सिंह, नानपारा के राम निवास वर्मा बलहा की सरोज सोनकर, एमएलसी पद्मसेन चौधरी व डा. प्रज्ञा त्रिपाठी पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा तथा जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह आदि ने संबोधित किया।

# बाढ़ नियंत्रण और जल प्रबंधन के लिए केन्द्रीय एजेंसियां अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग करें: अमित शाह



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश में बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा के लिए आज नई दिल्ली में एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। केन्द्रीय गृह मंत्री ने देश में बाढ़ के खतरे को कम करने के लिए किए जा रहे दीर्घकालिक उपायों और पिछले वर्ष हुई बैठक में लिए गए निर्णयों पर उठाए गए कदमों की भी समीक्षा की।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बैठक में बाढ़ प्रबंधन के लिए सभी एजेंसियों द्वारा अपनाई गई नई तकनीकों और उनके नेटवर्क के विस्तार पर भी चर्चा की। उन्होंने बाढ़ नियंत्रण और जल प्रबंधन के लिए विभिन्न केन्द्रीय एजेंसियों द्वारा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के अधिकतम उपयोग पर बल दिया।

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का आपदा प्रबंधन Zero Casualty Approach के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (हृ्ठ्रू) को निर्देश दिया कि वह जमीनी स्तर तक पूर्व चेतावनी अलर्ट का प्रसार सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (SDMA) और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (ष्ठ्ठ्रू) के साथ समन्वय करे।

# पीएम मोदी की अगुवाई में सरकार ने हर वर्ग के लिए कार्य किया: स्मृति ईरानी



**नई दिल्ली।** भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 सालों की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने दावा कि पीएम मोदी की अगुवाई में सरकार ने हर वर्ग के लिए कार्य किया। किसानों के लिए सॉइल हेल्थ कार्ड, महिलाओं को सेना में स्थायी कमीशन से लेकर जन धन योजना तक का जिक्र किया।

स्मृति ने कहा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पांच मूल निष्ठाओं- राष्ट्रीयता, लोकतंत्र में विश्वास, गरीब-वंचितों के प्रति गांधीवादी सोच, सर्वधर्म समभाव और मूल्य आधारित राजनीति पर चलती है। पीएम मोदी की सरकार में ये निष्ठाएं दिखाई देती हैं, जिससे भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक अभिभूत हैं।

स्मृति ने बताया कि पिछले 11 सालों में 50 करोड़ लोगों के जन-धन खाते खोले गए। यह पीएम मोदी का अनोखा प्रयास है, जिसने गरीबों को देश की तिजोरी से जोड़ा। इसके जरिए 45 लाख करोड़ रुपये डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से गरीबों के खातों में पहुंचे। पीएम मोदी का संकल्प बहुआयामी गरीबी को खत्म करना है। नतीजतन, 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकलकर तेजी से प्रगति के रास्ते पर हैं।

कोविड-19 के दौरान भारत की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए स्मृति ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में न सिर्फ भारत में वैक्सीन बनाई गई, बल्कि हर नागरिक तक इसे पहुंचाया गया। 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना के तहत 160 देशों को भारत ने वैक्सीन मैत्री के जरिए मदद दी।

# इस सप्ताह भीषण गर्मी और चलेगी हीटवेव, दक्षिण भारत में सक्रिय होगा मॉनसून

## 12 से 15 जून तक कर्नाटक में भारी बारिश होने की संभावना

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर, यूपी समेत देश के कई राज्यों में अप्रैल और मई में गर्मी से राहत मिली थी, लेकिन अब जून में भीषण गर्मी ने सभी का चैन सुकून छीन लिया और गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। दिल्ली-एनसीआर, यूपी, राजस्थान, हरियाणा, बिहार, मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में लू जैसे हालात हैं। मई के तीसरे सप्ताह में अच्छी बारिश से मौसम ठंडा हो गया था, लेकिन अब मॉनसून आने में देर है और उससे पहले भीषण गर्मी पड़ रही हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस सप्ताह के आखिर तक भीषण गर्मी रहेगी और लू भी चलेगी।



पश्चिमोत्तर और मध्य भारत में भीषण गर्मी रहेगी, जबकि दक्षिण भारत में मॉनसून सक्रिय रहने की संभावना है। 12 से 15 जून में कर्नाटक में भारी से बहुत भारी बारिश होने की उम्मीद है। इसके अलावा 13 से 15 जून के दौरान कोंकण और गोवा में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। अगले 4 से 5 दिनों में उत्तर-पश्चिम भारत में लू की संभावना है। 13 से 15 जून के बीच हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर छिटपुट बारिश हो सकती है।

इसके अलावा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इस बारिश से तापमान में कोई खास असर नहीं पड़ेगा।

# इजराइल ने गाजा में नए उग्रवादी संगठन को दिया समर्थन,

## हमास को खत्म करने की जिम्मेदारी पॉपुलर फोर्सेज को

**गाजा।** इजराइल सरकार पर गंभीर आरोप लगे हैं कि उसने गाजा में हमास का मुकाबला करने के लिए एक फिलिस्तीनी मिलिशिया को हथियार दिए हैं। गाजा में हमास का पिछले 2 दशक से कब्जा है। इजराइल तमाम कोशिशों के बावजूद हमास का पूरी तरह से खात्मा नहीं कर पाया है। इजराइल ने गाजा में हमास को खत्म करने की जिम्मेदारी 'पॉपुलर फोर्सेज' को दी है। इसका लीडर यासर अबू शबाब है। अबू शबाब खुद को 'आतंकवाद को मिटाने वाला' कहता है, लेकिन कई मानवाधिकार संगठन इसे लुटेरों और अपराधियों का नेता मानते हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भी पिछले सप्ताह माना था कि उन्होंने गाजा में हमास को कमजोर करने के लिए उनके विरोधी संगठनों को अपना समर्थन दिया है।

# देश में 6800 कोरोना केस, 68 मौतें

## 24 घंटे में 300 से ज्यादा मामले बढ़े, ग्वालियर में 3 डॉक्टर पॉजिटिव

**नई दिल्ली।** देश में कोरोनावायरस के केस तेजी से बढ़ रहे हैं। एक्टिव केसों की संख्या 6815 पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में 324 नए मामले सामने आए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 2053 केस हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, कोरोना के नए वैरिएंट्स से 12 राज्यों में 68 मरीजों की मौत हुई हैं। सोमवार को केरल, दिल्ली और झारखंड में 1-1 मरीज ने जान गंवाई है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 18 मौतें हुई हैं। मप्र के ग्वालियर में सोमवार को 3 डॉक्टर समेत 6 नए केस सामने आए। इसके बाद से जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट पर है। मप्र में फिलहाल 43 एक्टिव केस हैं।

# लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को मिली नई जिम्मेदारी, डीजीएमओ पद भी संभालेंगे

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को सेना में नई जिम्मेदारी सौंपी है। भारतीय सशस्त्र बलों के सफल अभियान के बाद उन्हें डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ के पद पर पदोन्नत किया है। इस दौरान राजीव घई सैन्य अभियानों के महानिदेशक (डीजीएमओ) के पद पर बने रहेंगे। अधिकारियों ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। राजीव घई उन शीर्ष अधिकारियों में शामिल थे जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद पाकिस्तान के साथ चले संघर्ष के जुड़ी जानकारियां मीडिया को



दी थी। घई ने अपने वायु सेना और नौसेना समकक्षों के साथ 11 और 12 मई को मीडिया को ऑपरेशन से जुड़ी जानकारी दी थी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि नई भूमिका में राजीव सैन्य अभियान, खुफिया अभियान, रणनीतिक योजना और इन्फॉर्मेशन वॉर जैसे मामलों की देखरेख करेंगे। इससे पहले पिछले सप्ताह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजीव घई को संघर्ष के दौरान विशिष्ट सेवा के लिए उन्हें उत्तम युद्ध सेवा पदक से भी सम्मानित किया है। इससे पहले भारत ने बताया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच बनी युद्ध जैसी स्थिति के बाद डीजीएमओ घई और उनके पाकिस्तानी समकक्ष मेजर जनरल काशिफ अब्दुल्ला ने हॉटलाइन पर बात की थी, जिसके बाद सीजफायर पर सहमति बनी थी।

दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच सीजफायर बनाए रखने के लिए 12 मई को फिर से बात हुई। 11 मई की ब्रीफिंग में घई ने कहा था कि भारतीय सशस्त्र बलों ने काफी संयम बरता है लेकिन भविष्य में देश की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखने और नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी हमले का मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।

## ब्रीफ न्यूज

### इजराइल ने ग्रेटा थनबर्ग को वापस भेजा

**वॉशिंगटन।** इजराइल ने अपनी हिरासत में मौजूद स्वीडिश पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग को वापस स्वीडन भेज दिया है। ग्रेटा को फ्रांस जाने वाले एक फ्लाइट में बैठाया गया है, जहां से उन्हें भेजा जाएगा। इजराइली सेना ने सोमवार को ग्रेटा और अन्य 11 साथियों को उनके मैडलीन नाम के जहाज समेत गाजा के तट के पास से अपने कब्जे में ले लिया था। जिसे बाद में इजराइल के अशदोद पोर्ट ले जाया गया। ग्रेटा 1 जून को इटली के तट से गाजा के लोगों के लिए राहत सामग्री लेकर रवाना हुई थीं। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट कर ग्रेटा को डिपोर्ट करने की जानकारी दी है।

### रेप के आरोपी की हत्या, शव जलाया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के गजपति जिले में 60 साल के रेप के आरोपी की हत्या करके शव जला दिया गया। पुलिस ने 10 लोगों को अरेस्ट किया है, जिसमें 8 महिलाएं और दो पुरुष हैं। पुलिस ने गांव से करीब 2 किलोमीटर दूर वन क्षेत्र के पास एक पहाड़ी से मृतक की हड्डियां और राख बरामद की। पुलिस ने बताया कि, जिन महिलाओं को पकड़ा गया है, वे सभी यौन शोषण का शिकार हुईं थीं। पुलिस ने बताया कि, जिस व्यक्ति को मारा गया है वह काफी समय से महिलाओं का शोषण कर रहा था। 3 जून को उसने 52 साल की एक विधवा का रेप किया। घटना सामने आने के बाद महिलाओं ने एक मीटिंग की और आरोपी को मारने का फैसला किया।

### अमेरिकी रैपर पर यौन हिंसा का आरोप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी रैपर पर उनकी एक्स-गर्लफ्रेंड ने हिंसा और जबरन यौन संबंध बनाने के आरोप लगाए हैं। अदालत में गवाही देते हुए पीड़ित ने बताया कि 2024 में एक रात कॉम्ब्स ने उनके साथ मारपीट की, गला दबाया और चेहरे पर मुक्का मारा। इसके बाद एक पुरुष सेक्स वर्कर को बुलाकर उनके साथ जबरन 'फ्रीक-ऑफ' जैसी सेक्सुअल एक्टिविटी कराई। महिला की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। वह कोर्ट में जेन नाम से पेश हो रही है। पेशी के तीसरे दिन सोमवार को उसने बताया कि वह 18 जून 2024 की रात कॉम्ब्स के साथ रोमांटिक शाम बिताने का प्लान कर रही थी, लेकिन वह रात उसके लिए एक भयानक दिन बन गई।

### बांग्लादेश के ढाका में प्रदर्शन पर रोक

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के खिलाफ विरोध तेज हो गया है। विपक्षी दलों, सरकारी कर्मचारियों, शिक्षकों और सेना के बीच भी नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस बीच ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने राजधानी के केंद्र में सभी रैलियों, विरोध प्रदर्शनों और जनसभाओं पर अनिश्चितकालीन प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं, ढाका पुलिस ने मोहम्मद यूनुस के आधिकारिक निवास 'जमुना गेस्ट हाउस' और बांग्लादेश सचिवालय के आसपास के एरिया को पूरी तरह सील कर दिया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है। जब सचिवालय में काम करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों ने सरकार के एक अध्यादेश के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं।

### स्कूल में फायरिंग, 11 की मौत

**वियना।** ऑस्ट्रिया से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां पर एक स्कूल में भीषण गोलीबारी की खबर है। इस घटना में कम से कम नौ लोगों के मारे जाने की खबर है। ऑस्ट्रिया के शहर ग्राज में मंगलवार को एक स्कूल में एक शूटर द्वारा की गई गोलीबारी 11 लोगों की मौत हुई है। इस घटना में कई लोगों के घायल होने की भी खबर है। वहीं, स्थानीय पुलिस का हवाला देते हुए, राष्ट्रीय प्रसारक ओआरएफ सहित ऑस्ट्रियाई राज्य मीडिया ने कहा कि छात्रों और शिक्षकों सहित कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

### नदी में डूबने से 8 लोगों की मौत

जयपुर। राजस्थान के टोंक जिले से एक बड़े हादसे की खबर सामने आई है। टोंक जिले में मंगलवार को बनास नदी में 8 लोग डूब गए। टोंक के पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने इस मामले को संज्ञान में लिया और मामले की जानकारी देते हुए बताया कि तीन अन्य को बचा लिया गया।

» न्यूज कैप्सूल »

## जलालपुर थाने के बीलपुर गांव में युवक के द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा हुआ दर्ज

**हमीरपुर।** जनपद में सरीला तहसील के जलालपुर थाना क्षेत्र के बीलपुर गांव में युवक के द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में मृतक युवक के पिता ने जलालपुर थाने में लिखित तहरीर देकर बीलपुर गांव के ही निवासी चार लोगों को पुत्र की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

जलालपुर थाना क्षेत्र के बीलपुर गांव के निवासी शिवचरण द्विवेदी ने जलालपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के ही चार दबंग व्यक्तियों के दुर्व्यवहार और प्रताड़ना से आहत होकर उसके पुत्र ने आत्महत्या की है। बताया कि गांव के निवासी छत्रपाल, सुशील कुमार, पंकज द्विवेदी और संतोष कुमार बीते लगातार तीन वर्षों से उसके पुत्र शिवेंद्र द्विवेदी को लगातार डराया धमकाया जा रहा था तथा उसके पुत्र को अपमानित भी उक्त लोगों के द्वारा किया जाता रहा है। बताया कि पेयजल आपूर्ति हेतु सबमर्सिबल पंप का विषय बनाकर उक्त लोगों के द्वारा उसके पुत्र के साथ अभद्रता की गई। बताया कि उसके पुत्र ने जलालपुर थाने में तहरीर भी दी थी। लेकिन पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट होकर उसके पुत्र ने रविवार दोपहर करीब 3:00 बजे अपने मकान के कमरे में फाँसी लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया था। बताया कि उसने जलालपुर थाने में लेकर तहरीर देकर पुत्र की मौत के लिए जिम्मेदार चारों लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

## दिनदहाड़े अपाचे सवार अज्ञात बदमाशों ने दो महिलाओं से छीनी बकरी, कबूतरा गिरोह पर जताया शक

**ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्र के छिल्ला गांव में सिद्ध बाबा मंदिर के पास सोमवार को दोपहर 2:00 दो महिलाएं बकरियाँ चरा रही थीं, तभी दिनदहाड़े दो अज्ञात युवक एक अपाची और दूसरी बाइक पर सवार होकर पहुंचे और गाँव की बालबाई और शारदा नामक दो महिलाओं को धक्का देकर जबरन लाल रंग की बकरी छीनकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना को कबूतरा जाति के महरेश व प्रमाद ने अंजाम दिया है, जो पहले से शराब बेचने जैसे अवैध धंधों में लिप्त हैं। करीब एक माह पूर्व भी इसी तरह बकरी छीनने की घटना सामने आई थी। पीड़ित महिलाओं ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, हालांकि जिन लोगों के नाम दिए गए थे, उनसे महिलाओं की पहचान कराई गई, लेकिन वे आरोपी नहीं निकले। घटना में शामिल युवक अज्ञात थे। हाल ही में एक वृद्ध महिला की सोने की पुगरिया ठपेबाजी का मामला भी क्षेत्र में सामने आया था। लगातार बढ़ती इस तरह की वारदातों ने ग्रामीणों में भय और गुस्से का माहौल बना दिया है।अब देखना होगा कि पुलिस इन अज्ञात और बेखौफ बदमाशों को कब तक पकड़ पाती है।

## कंपोजिट आदर्श विद्यालय में 21 मई से 10 जून तक आयोजित समर कैम्प का हुआ समापन्न

**ललितपुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शासन द्वारा चलाए जा रहे समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों में रूटीन पढ़ाई-लिखाई के अलावा शारीरिक शिक्षा, पर्यावरण शिक्षा, रचनात्मकता एवं कल्पनाशीलता का विकास,लोक कलाएं जैसे नृत्य, संगीत इत्यादि का विकास तथा पेंटिंग, हस्तशिल्प इत्यादि योग्यताओं का विकास करना था। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कंपोजिट आदर्श विद्यालय में 21 मई से 10 जून तक विभिन्न गतिविधियों द्वारा बच्चों में उक्त प्रतिभाओं का विकास करने का प्रयास किया गया। कैंप संचालिका सविता विश्वकर्मा तथा दिव्या रिछारिया द्वारा सुचारू रूप से कैंप का कुशल संचालन किया गया 10 जून को कैंप का समापन हुआ, जिसमें बच्चों के द्वारा कैंप में बनाई गई कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया तथा अभिभावकों एवं क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों को बुलाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया।

## पारिबारिक जमीनी विवाद में सगे भाई और परिजनों के साथ गाली गलौज मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बुड़वार में एक ही परिवार के दो सगे भाइयों के बीच चल रहे जमीनी विवाद को लेकर एक बार फिर खूनी संघर्ष हुआ। एक पक्ष के आधा दर्जन लोगों ने विपक्षियों को मौके पर दबोच कर उनके साथ गाली-गलौज मारपीट कर धमकी दी। घटना के संबंध में पीड़ित की शिकायत पर आधा दर्जन के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

ग्राम बुड़वार निवासी भजन लाल पुत्र कनई कुशवाहा ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उसका जमीनी विवाद गांव में ही रहने वाले उसके ही अपने सगे भाई प्रीतम पुत्र कनई और उसके परिजनों से चल रहा है, जिस कारण पूरा परिवार उससे रंजिश रखता है। इसी जमीनी विवाद की रंजिश के चलते दिनांक 7 जून 2025 को सुबह 9:00 बजे उसका विपक्षी दबंग भाई प्रीतम अपनी पत्नी रति अपने पुत्र मोहित के साथ-साथ दयाराम विमला विकास आदि एक राय होकर अपने हाथों में लाठी डंडे कुल्हाड़ी लेकर आए और सरेआम गाली गलौज करने लगे। इतना ही नहीं जब उसने विपक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया।

# अतिरिक्त दहेज में 1 लाख रुपये व मोटरसाइकिल की मांग पूरी न होने पर नाराज ससुरालीजनों ने दुधमुंही बच्ची सहित विवाहिता को पीटा

### भागकर महिला ने बचाई जान

**हमीरपुर।** जनपद में राठ क्षेत्र के चिकासी थाना अंतर्गत इटैलिया राजा गांव में अतिरिक्त दहेज में 1 लाख रुपए व मोटरसाइकिल की मांग पूरी न होने से नाराज ससुरालीजनों ने दुधमुंही बच्ची सहित विवाहिता के साथ गाली गलौज व बेरहमी से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। घटना के बाद पीड़िता ने अपनी मासूम बच्ची के साथ भाग कर अपनी जान बचाई। जिसके बाद पीड़ित महिला ने राठ कोतवाली में आरोपी ससुरालीजनों के विरुद्ध लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है। मामले में राठ कोतवाली पुलिस ने घायल महिला का मेडिकल परीक्षण कराया है।



राठ कस्बे के पठानपुर इलाके की निवासी महिला सुमित्रा पुत्री जगदीश चंद्र ने मंगलवार दोपहर करीब 12:00 बजे राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह 19 जनवरी वर्ष 2023 को चिकासी थाना क्षेत्र के इटैलिया राजा गांव के निवासी नीरज पुत्र देशराज के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुआ था। बताया कि विवाह में उसके पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज देकर रुपए विदा किया था। बताया कि विवाह है के कुछ समय के बाद उसका पति नीरज, ससुर देशराज, सास मन्नू के अलावा चचिया सास रामकली, चाचा ससुर धर्मदास और जीतू पुत्र धर्मदास कम दहेज मिलने का ताना देकर उसे प्रताड़ित करते हुए उसके साथ गाली गलौज व मारपीट करने लगे। तथा अतिरिक्त दहेज के रूप में मायके से 1 लाख रुपये व मोटरसाइकिल लाने का दबाव बनाने लगे। बताया कि जब अपने अपने पिता की गरीबी का हवाला देकर 1 लाख रुपये व मोटरसाइकिल देने से मना किया तो उक्त ससुरालीजन उसे और ज्यादा प्रताड़ित करने लगे तथा उसे कमरे में बंद रखने लगे तथा उसे खाने में भी बासी भोजन देने लगे। लेकिन वह अपने पत्नी धर्म का पालन करती रही। बताया उसका पति नीरज गुड़गांव हरियाणा में मजदूरी करता है तथा उसके वहां पर किसी महिला से अवैध संबंध भी हैं। बताया कि जब उसने विरोध किया तो उसका पति उसे ससुराल इटैलियाराजा में छोड़ गया। आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त ससुरालीजन उसे और उसकी दुधमुंही पुत्री की हत्या कर ज्यादा दहेज के लालच में उसके पति नीरज की दूसरी शादी करना चाहते हैं। बताया कि कल सोमवार को उसके सभी ससुराललीजनों ने अतिरिक्त दहेज में 1 लाख रुपये व मोटरसाइकिल की मांग को लेकर उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसकी बेरहमी से पिटाई का उसे घायल कर दिया। बताएं कि उक्त लोग उसकी हत्या करने की फिराक में थे। लेकिन उसने किसी तरीके से वहां से भागकर अपनी जान बचाई है। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि पीड़ित महिला का मेडिकल परीक्षण कराया गया है तथा मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई कराई जाएगी।

# बिजली विभाग की तानाशाही से गुरसरांय में 24 घंटे में बमुश्किल 8 घंटे 48 झटकों में मिली बिजली

**गुरसरांय।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में दो दिनों से बिजली की आँख मिचोली जारी है सुबह से ही चिलचिलाती धूप लोगों को बेहाल किए हुए है।नौ बजे के बाद लोग घरों से निकलने से कतरा रहे हैं। बिजली की कटौती ने लोगों की कई दुश्वारियां और बढ़ा दी हैं। ऐसे में दिन व रात में हो रही अघोषित बिजली कटौती लोगों के जी का जंजाल बनने लगी है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 46 और न्यूनतम 30 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।सुबह से ही तेज धूप के कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई है। जो लोग रोजमर्रा की जरूरतों के लिए घर से बाहर निकले,वह गर्मी से परेशान नजर आएं।लोग छांव की तलाश में भटकने को मजबूर हुए। गर्मी के चलते दुकानदारों को भी ग्राहकों का इंतजार करना पड़ रहा है। कारण यह है कि लोग दिन में घर से निकलने में कतरा रहे हैं। दूसरी तरफ बिजली की कटौती ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी है। नगर में जहां बार-बार बिजली की ट्रिपिंग हो रही है,वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भारी कटौती हो रही है। इस वजह से लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है। मुश्किल से 8 से 10 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। लोगों का कहना था कि दिन और रात में कई बार ट्रिपिंग के चलते उमस भरी गर्मी में लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा।बिजली कटौती से मुश्किल से कट रही रातें क्षेत्र में बिजली कटौती से लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कब बिजली आएगी और कब जाएगी,बता पाना मुश्किल है।दिन तो दिन-रात में भी बिजली रानी दगा दे रही है।ऐसे में उमस भरी गर्मी में रात काटना मुश्किल हो रहा है। लोग बिजली विभाग के इस रवैये पर जमकर कोस रहे हैं।समुचित बिजली नहीं मिलने के कारण तमाम प्रकार की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।घंटों देर तक बिजली गुल रहने से लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अब देखना है जिला प्रशासन से लेकर शासन और जनप्रतिनिधि व्यवस्था सुधार में क्या भूमिका अदा करते हैं।

### करंट गोल विधानसभा चुनाव में न करा दे बिजली विभाग....

विद्युत विभाग की तानाशाही,भ्रष्टाचार,आम जनता के साथ लूटखसूट और गुंडई से लेकर आम उपभोक्ताओं को फर्जी मुकदमों में घसीटना गुरसरांय से लेकर झांसी जिले और पूरे बुंदेलखंड में इस समय आम बात हो गयी है और विद्युत विभाग के अधिकारियों की इस कार्यशैली की जानकारी जनप्रतिनिधियों,जिला प्रशासन और शासन के आला अधिकारियों से लेकर ऊर्जा मंत्री को होते हुए भी बेलगाम विद्युत विभाग के अधिकारियों पर कार्यवाही न करना और जनता का लगातार हो रहा शोषण के चलते आम जनता जहाँ बिजली विभाग के अधिकारियों से लेकर शासन की ढिलमुल नीति से तंग आकर कही जहाँ पूरे बुंदेलखंड में लगातार दूसरी पंचवर्षीय विधानसभा चुनाव में बीजेपी का झंडा लहरा रहा है और लोकसभा 2024 में हुए चुनाव में केवल झांसी सीट पर भाजपा एक सीट पर सिमट कर रह गई है यह केवल जनता की समस्याओं को धरातल पर सरकार द्वारा न सुनने के कारण हुआ है क्योंकि जहां हाकिम हो बेदर्द वहां फरियाद क्या करना और भाजपा के नेताओं से लेकर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों का हाल यह है कि एक साल से वह ब्लॉक टाउन क्षेत्र से लेकर शासन द्वारा विकास जन कल्याणकारी योजनाओं को देखने के लिए फील्ड में जाने से बचते हैं और अफसरशाही के चलते बंद कमरों में ही सब ड्यूटी का कॉलम पूरा करते दिखते हैं।

## चोर को कोतवाली पुलिस ने बिना कार्रवाई के कोतवाली से भगाया, गैराज का ताला तोड़ने के दौरान राहगीरों ने पुलिस को सौंप दिया था चोर

**राठ।** कस्बे में चोरी की घटनाएं थम नहीं रही है। दो दिन पहले दिन दहाड़े पठानपुरा मोहल्ले में स्थित मुख्य मार्ग पर एक गैराज का ताला तोड़ने के दौरान राहगीरों ने एक चोर को पकड़ लिया था। दूसरा चोर भागने में सफल हो गया था। राहगीरों ने 112 पुलिस को बुलाकर चोर को पुलिस के हवाले कर दिया था। 112 पुलिस ने आरोपी चोर को कोतवाली में बंद करा दिया था। गैराज का ताला तोड़ने की घटना सीसीटीवी कैमरों में रिकार्ड हो गई थी। अब देखो कोतवाली पुलिस का कमाल। गैराज मालिक द्वारा कोतवाली में गैराज का ताला तोड़ने की तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने आरोपी चोर को सारा दिन कोतवाली में बिठाकर रखा। हद तो तब हो गई जब देर शाम पुलिस ने बिना कोई कार्रवाई किए चोर को बाइज्जत कोतवाली से भगा दिया। पीड़ित गैराज मालिक ने जब पुलिस से कार्रवाई करने की बात कही तो पुलिस का कहना था कि शांतिभंग में आरोपी चोर के विरूद्ध कार्रवाई की गई। जबकि सूत्र बताते हैं कि पुलिस ने चोर के विरूद्ध ऐसी कोई भी कार्रवाही नहीं की। मंगलवार को गैराज मालिक को जब जानकारी हुई तो पीड़ित ने सीओ राजीव प्रताप सिंह को घटना की जानकारी देते हुए प्रार्थना देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। सीओ ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# झांसी में 10530 महिलाओं को लखपति दीदी बनाने में मिली सफलता

### जिले में 20 हजार से अधिक महिलाओं को लखपति बनाने के लिए किया गया है चिह्नित

### योगी सरकार समूह की महिलाओं की आय बढ़ाने पर दे रही जोर

### लखपति दीदी योजना के क्रियान्वयन से बढ़ रही समूह की महिलाओं की आमदनी

**झांसी।** स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की आमदनी बड़ाने के लिए शुरू हुई लखपति दीदी योजना को क्रियान्वित करने में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार तेज गति से कदम बढ़ा रही है। इस योजना के अंतर्गत झांसी जिले में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की 10,530 महिला सदस्यों को अभी तक लखपति बनाने में सफलता प्राप्त हुई है यानि इन महिला सदस्यों की वार्षिक आमदनी एक लाख रुपए से अधिक हो गई है।

लखपति दीदी योजना के माध्यम से यह लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्य की प्रतिवर्ष कम से कम एक लाख रुपये की आमदनी हो। सालाना एक लाख रुपए से अधिक की आमदनी हासिल करने वाली महिला सदस्यों को लखपति दीदी कहा जाता है। झांसी जिले में 15458 संभावित लखपति दीदी चिह्नित करने का लक्ष्य था जबकि 20059 महिला सदस्यों का चिह्नीकरण किया गया है, जिन्हें लखपति बनाया जा सकता है। झांसी जिले में चिह्नित महिला सदस्यों में से 10530 को लखपति दीदी बनाने में सफलता मिली है। इसके अतिरिक्त चिह्नित महिला सदस्यों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करते हुए उनकी आमदनी को बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। झांसी के उपायुक्त स्वत: रोजगार बृजमोहन अंबेड ने बताया कि लखपति दीदी योजना के अंतर्गत संभावित लखपति दीदियों को निरंतर चिह्नित किया जा रहा है। महिला सदस्यों को प्रशिक्षण देकर और योजनाओं से आच्छादित कर उनकी आमदनी को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। समूह की महिलाओं की आमदनी बढ़ाने में इससे मदद मिल रही है।

# बिजली व्यवस्था जल्द सुधरे अधिकारियों से वार्ता जारी है: जवाहरलाल राजपूत



**गुरसरांय।** 10 जून शाम 6:30 बजे लगभग गरौठा विधायक जवाहरलाल राजपूत से जब गुरसरांय नगर व ग्रामीण क्षेत्र में 48 घंटे से खराब विद्युत व्यवस्था के चलते जनता को रही परेशानी के बारे में बताया गया तो उन्होंने मीडिया को फोन पर बताया कि विद्युत विभाग के आला अधिकारियों से इस संबंध में बातचीत चल रही हैं और जल्द ही व्यवस्था में सुधार होगा। उपभोक्ताओं को हो रहे शोषण जाँच के नाम पर उपभोक्ताओं का उत्पीड़न मुकदमा बाजी की मिल रही धमकियाँ के बारे में जब उनसे कहा तो उन्होंने इस संबंध में जल्द से जल्द जनहित में जल्द कदम उठाये जाने की बात कही।

### जनता को तुरंत मिले राहत- बृजेन्द्र यादव



वार्ड न 18 से पार्षद बृजेन्द्र यादव कटरा ने गुरसरांय की जनता को हो रही इस भीषण गर्मी में विद्युत न मिलने से आपातकालीन जैसी विकराल स्थिति पैदा हो गयी है। पूरे झांसी जिले की बिजली व्यवस्था चरमरा गई है हम उत्तर प्रदेश सरकार से बिजली व्यवस्था दुरुस्त करवाने की मांग करते हैं और हर कीमत पर गुरसरांय नगर में बिजली व्यवस्था समय से उपलब्ध हो और अगर नहीं होती है तो जल्द ही नगरवासियों के सहयोग से आंदोलन किया जाएगा।

# झांसी में जल्द शुरू होगा शक्ति सदन का संचालन

### संकटग्रस्त, घरेलू हिंसा पीड़ित, आपदा प्रभावित महिलाओं के लिए योगी सरकार की पहल

### महिलाओं के पुनर्वासन के साथ समाज की मुख्य धारा से जोड़ने में मदद करेगा शक्ति सदन

### झांसी में 50 महिलाओं की क्षमता वाले शक्ति सदन के संचालन के लिए भवन की हुई तलाश

**झांसी।** प्रदेश की योगी सरकार विभिन्न श्रेणियों की संकटग्रस्त, घरेलू हिंसा पीड़ित और आपदा प्रभावित महिलाओं की सहायता के लिए झांसी में जल्द ही शक्ति सदन की शुरुआत करने जा रही है। मिशन शक्ति की उप योजना सामर्थ्य के अंतर्गत इस शक्ति सदन का संचालन किया जाएगा। इस शक्ति सदन में महिलाओं को उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ पुनर्वासन और उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने जाने का भी काम होगा।

जनपद झांसी में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा 50 महिलाओं के रहने की क्षमता वाले शक्ति सदन के संचालन को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके लिए हंसारी क्षेत्र में आवासीय भवन का चयन किया गया है। यह भवन जिला मुख्यालय से निकट है और उस स्थान तक आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध है। विभागीय अफसरों का कहना है कि शक्ति सदन के लिए भवन के चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और शासन को अवगत करा दिया गया है। जल्द ही इसकी शुरुआत हो जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी सुरेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि जनपद झांसी में शक्ति सदन के संचालन के लिए उपयुक्त भवन का चयन कर लिया गया है। बहुत जल्द इस शक्ति सदन का संचालन शुरू हो जाएगा।

# अज्ञात कारणों के चलते बड़ईगिरी का काम करने वाले मजदूर ने अपने ही घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

### सुबह कमरे में फांसी के फंदे पर लटकता मिला शब, पारिवारिक कलह में जान देने की आशंका

**ललितपुर।** शहरी इलाके में रहने वाले एक ग्रामीण मजदूर ने किराए के मकान में रात्रि में उस समय पंखे पर लटक कर आत्महत्या कर ली, जब उसकी पत्नी और बच्चे अलग कमरे में सो रहे थे। सुबह कमरे से न निकलने पर पत्नी ने दरवाजा खटखटाया और न खुलने पर पड़ोसियों को बुलाकर दरवाजा तुड़वा दिया, तो शव लटकता मिला। हालांकि कारण अज्ञात बताया गया है, फिर भी उसके रिश्तेदार ने परिवार कल ही के चलते मौत होने की आशंका जताई है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम थनवारा निवासी 35 वर्षीय पवन पुत्र मेहरबान विश्वकर्मा शहर के पिसनारी बाड़ इलाके में किराए के मकान में रहता था और बड़ई गिरी का काम मजदूरी के रूप में कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। बताया गया है कि सोमवार की रात पति-पत्नी और दोनों बच्चे साथ खाना खाकर सोने के लिए चले गए। जानकारी मिली है की पत्नी और बच्चे एक कमरे में सो रहे थे और उसका पति दूसरे कमरे में सोने चला गया। सुबह करीब 7:00 बजे जब पत्नी उठी तब पति का दरवाजा नहीं खुला, तो उसने दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई आवाज न आने पर उसने आसपास के लोगों को बुलाया और दरवाजा तुड़वा दिया। दरवाजा टूटते ही पाया गया कि उसका पति कमरे में लगे हुए पंखे पर रस्सी के फंदे से मृतक अवस्था में लटक रहा है। तत्काल इस घटना की जानकारी आसपास के लोगों द्वारा सदर कोतवाली पुलिस को दी गई। सदर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक के फूफा के लड़के प्रदीप ने इस आत्महत्या के बारे में कुछ भी ना कहते हुए सिर्फ इतना कहा कि हो सकता है परिवार कलह के चलते उसके मामा की मौत हुई हो। बताया गया है कि मृतक के 5 साल की एक लड़की और ढाई साल का एक लड़का भी है।

# राज्य कर्मचारी संघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, सचिव मामले ने निष्पक्ष जांच कराने की उठाई मांग

**उरई।** कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चमारी में षड्यंत्रकारी ग्राम प्रधान द्वारा षड्यंत्र के तहत ग्राम सचिव पर एक महिला से गंभीर आरोप लगवा कर छवि धूमिल करने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। जिसको लेकर मंगलवार को कर्मचारियों का एक जत्था लामबंद होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा और डीएम राजेश कुमार को शिकायती पत्र दिया। जिसमें अवगत कराया है कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के सम्बद्ध और सहयोगी संगठनों के निम्न शासकीय कार्मिकों की फील्ड कर्मचारियों के रूप में क्षेत्र में तैनाती है। जिसमें ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, राजस्व लेखपाल, राजस्व संग्रह अमीन,बेसिक हेल्थ वर्कर, पशुधन प्रसार अधिकारी, किसान




सहायक, सीचपाल वन विभाग के क्रमिक जूनियर इंजीनियर, लोक निर्माण विभाग के क्षेत्रीय कार्मिक, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, नलकूप चालक, पंचायत सहायक, सोशल ऑडिट कार्मिक के साथ-साथ विभिन्न विभागों के कार्मिकों की ड्यूटी फील्ड कर्मचारियों के रूप में शासन द्वारा की गई है। बताया कि कोच की ग्राम चमारी में तैनात नरेंद्र पटेल को षड्यंत्र के तहत ग्राम प्रधान ने बीते दिन 6 जून की दोपहर बुलाया और उनपर एक महिला से गंदे व अभद्र आरोप लगवाए गए। इतना ही नहीं ग्राम प्रधान ने इस पूरी घटना का खुद ही वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर चरित्र हनन व छवि धूमिल करने के उद्देश्य से अपलोड करवा दिया। वही महिला द्वारा 112 डायल कर पुलिस को भी बुलाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने श्री पटेल को हिरासत में लिया और कार्यालय अध्यक्ष /विभागध्यक्ष को सूचित किए बिना देर शाम तक एक अपराधी की तरह थाने में बैठ कर रखा गया। संगठन ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की हर पहलू पर निष्पक्ष व पारदर्शी जांच करवाई और शासकीय कर्मचारी का चरित्र हनन व छवि धूमिल करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

## गुमशुदा महिला का उत्तराखंड में मिला शव, जांच के जुटी पुलिस

**जालौन।** नगर से गुमशुदा महिला का शव 12 दिन उपरांत उत्तराखंड के भीम ताल की झील से अर्धनग्न अवस्था में बरामद हुआ है। जालौन पुलिस की कई टीमें जांच में जुटी थी, जो उत्तराखंड के लिए रवाना हुई है। नगर जालौन के गंगाधाम के नजदीक रहने वाले राम कुमार गोस्वामी की पुत्री पुष्पा तिवारी पत्नी ऋषि तिवारी डकोर से पति अपनी पत्नी को जालौन उसके घर 27 मई को छोड़ गया था। लेकिन 28 मई को पुष्पा के गायब होने की सूचना परिवार द्वारा पुलिस को दी गई। जिस पर पुलिस मोबाईल आदि स्तर पर जांच कर रही थी, लेकिन आज पुलिस को सूचना मिली कि गुमशुदा पुष्पा तिवारी की लाश भीमताल झील में अर्धनग्न अवस्था में मिली है। सूचना से हड़कंप मच गया है। कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह ने कई टीमें बनाकर, जांच तेजी से शुरू कर दी हैं।

## » न्यूज कैप्सूल »

### कंचनपुरा में लगी आग से पेड़ झुलसे

**मऊरानीपुर।** ग्राम कंचनपुरा में आग लगने से खेत में व नदी किनारे लगे कई पेड़ झुलस गए जानकारी के अनुसार दोपहर के समय व तापमान अधिक होने के कारण आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया और चारों ओर धुआ व आग की लपेट दिखाई देने लगी और आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया तमाम लोगों ने एकत्रित होकर आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग का रौद्र रूप देखकर पास में कई न जा सका तब लोगों ने आग लगाने की सूचना पुलिस व फायर टीम को दी और सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस एवं फायर टीम ने बड़ी ही मशक्कत कर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक काफी पेड़ आग से झुलस गए थे।

### यूनिफाइड पेंशन स्कीम की जानकारी दी

**मऊरानीपुर।** स्टेशन प्रबंधक कार्यालय पर यूनिफाइड पेंशन स्कीम ( यू पी एस )और न्यू ट्रांसफर शुडौल पर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया वरिष्ठ मंडल अधिकारी राजेश कुमार शर्मा को अध्यक्षता में शिविर लगाया गया शिविर में कार्मिक विभाग के चीफ वेलफेयर इंस्पेक्टर सुरेंद्र श्रीवास बी एस मीना ने यूनिफाइड स्क्रीम पर विस्तार से प्रकाश डाला और यू.पी.एस के फॉर्म उपलब्ध करायें शिविर में एम के शाक्या रामवीर सिंह यादव स्टेशन प्रबंधक आर जी साहू सहित आदि रेलवे कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राम केवट संवाद का हुआ मंचन

**मऊरानीपुर।** ग्राम खिलारा में चल रहे धार्मिक आयोजन में चित्रकूट से आए कलाकारों ने रामलीला का मंचन किया कलाकारों ने राम केवट संवाद का मंचन किया इस दौरान अन्य रामलीलाओं का भी मंचन किया जिसे देखकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए रामलीला देखने के लिए आसपास के लोगों की भारी संख्या भीड़ पहुंच रही है इस मौके पर रामकुमार पलटू दास अनिल गोविंद परमलाल संदीप मिश्रा मुन्नालाल सहित आदि दर्शन गण उपस्थित रहे।

### किशोर के लापता हो जाने का मामला दर्ज

**मऊरानीपुर।** डॉट से शुभ होकर किशोर के लापता हो जाने का मामला पुलिस ने दर्ज कर लिया जानकारी के अनुसार ग्राम भण्डरा निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 8 जून को उसके दोनों पुत्र घर पर आपस में झगड़ रहे थे डॉटने पर उसका 13 वर्षीय छोटा बेटा नाराज होकर निकल गया उसकी कॉफी खोजबीन करने के बाद कुछ पता नहीं चला पुलिस ने गुमशुदी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

### बाइक दुर्घटना में पांच घायल

**मऊरानीपुर।** बाइक दुर्घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जानकारी के अनुसार धनीराम पुत्र घप्पू उसकी पत्नी उषा पुत्री संतोषी निवासी गढ़ ग्राम टकटौली सुनीता पत्नी हरिश्चंद्र निवास ग्राम जैतवारा थाना अजनर महोबा कमलेश पुत्र करंजू निवासी ग्राम मढवा को घायल अवस्था में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि बाईक दुर्घटना में घायल हो गये प्राथमिक उपचार के बाद सुनीता कमलेश की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

### शांति भंग में 5 अभियुक्त गिरफ्तार

**बबीना ( झांसी )।** बबीना थाना प्रभारी तुलसी राम पांडे द्वारा गठित टीम ने बबीना क्षेत्र में शांति भंग करने पर बृजेश कुशवाहा पुत्र मनीराम,मनीराम कुशवाहा पुत्र भगीरथ,दाताराम कुशवाहा पुत्र तुलसीदास,नीरज कुशवाहा पुत्र सरमन,पवन कुमार अहिरवार पुत्र राजाराम सभी अभियुक्त निवासी बबीना क्षेत्र को गिरफ्तार कर विधिक कारवाही की।

### जल निकासी न होने से लोग परेशान

**मऊरानीपुर।** जल निकासी की व्यवस्था न होने की शिकायत लोगों ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंप कर बताया कि चुरारी रोड पर बसी आबादी में जल की निकासी की व्यवस्था न होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# जिले में नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल योजना के तहत बैठक कर दिए निर्देश



**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (ऑयलसीड्स) योजना के तहत गठित समितियों की महत्वपूर्ण बैठक कर संबंधित अधिकारियों को योजना के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी अधिकारियों को समर्पण और टीमवर्क के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उप कृषि निदेशक एस के उत्तम ने योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह मिशन भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 2025 से 2026-31 तक के लिए स्वीकृत किया गया है। इसका उद्देश्य तिलहनी फसलों जैसे तिल, मूँगफली, सोयावीन, राई/सरसों और अलसी के उत्पादन को बढ़ावा देना है, ताकि किसानों को तिलहन में आत्मनिर्भर बनाया जा सके और भारत की आयातित खाद्य तेलों पर निर्भरता कम की जा सके।नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल योजना के तहत कई प्रमुख कार्यों की योजना बनाई गई है, जिसमें प्रमुख तिलहन फसलों के लिए कलस्टर प्रदर्शन, उन्नत बीजों की उपलब्धता बढ़ाना और बाजार तक किसानों की पहुंच को मजबूत करना शामिल है। इसके अलावा, हर कलस्टर और ब्लॉक में मृदा स्वास्थ्य परीक्षण कराना अनिवार्य किया गया है, जिससे फसल की उर्वरता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। यह मिशन कृषकों को उन्नत बीज, नई तकनीक और बेहतर उत्पादन पद्धतियों के माध्यम से तिलहन उत्पादन में वृद्धि करने का अवसर प्रदान करेगा। इसके लिए जिले में 30 तिल फसल कलस्टर बनाए गए हैं और सोयाबीन ब्लॉक के लिए 700 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, उप कृषि निदेशक एस के उत्तम, और डीएचओ प्रशांत निरंजन समेत अन्य संबंधित अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

# भदौरिया क्लासेस ने चयनित पुलिस अभ्यर्थियों को किया सम्मानित



### 157 विद्यार्थियों ने पास की लिखित परीक्षा, 54 अभ्यर्थी जा रहे ट्रेनिंग के लिए

**उरई।** भदौरिया क्लासेस द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों का सम्मान समारोह मंगलवार को कोच रोड स्थित मधुवन विला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार वर्मा, सीओ सिटी अर्चना सिंह, शहर कोतवाल अरुण कुमार राय, यातायात प्रभारी वीर बहादुर सिंह, व महिला थाना प्रभारी उमा सैनी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। संस्थान के निदेशक वीएस भदौरिया ने बताया कि जनवरी 2018 को स्थापित भदौरिया क्लासेस ने अल्प समय में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में 157 विद्यार्थियों ने यूपी पुलिस की लिखित परीक्षा पास की, जिनमें से 54 का चयन मेडिकल के उपरांत ट्रेनिंग के लिए हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि संस्था का सपना है कि हर घर से एक बच्चा सरकारी सेवा में पहुंचे और संस्था इसके लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। मुख्य अतिथियों ने चयनित अभ्यर्थियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चयनित छात्रों ने मंच से लगातार मेहनत कर जिले का नाम रोशन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ममता स्वर्णकार एवं शिवम सिंह ने किया। इस अवसर पर विकास भदौरिया, आशाराम सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता अलीम सर, आकाश आदित्य सर, धर्मेंद्र सर, राहुल सर, छोटू भैया, मोहित क्लासेस परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# समर कैंप के समापन पर बच्चों शिक्षा संबंधी उपहार भेंट किये गये




**चिरगांव।** आज पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पहाड़ी बुजुर्ग चिरगांव में चल रहे समर कैंप का समापन किया गया जिसमें प्रतिदिन आने वाले बच्चों को सम्मान स्वरूप विभिन्न प्रकार के पढ़ाई लिखाई से संबंधित सामानों का वितरण किया गया इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के नेता दिनेश पाराशर पहाड़ी के द्वारा बच्चों को प्रधान अध्यापक द्वारा उपलब्ध कराए गए सामानों का वितरण किया गया इस अवसर पर पंडित रामशरण लाल कोंतू निशुल्क मानव सेवा संस्थान के सदस्य राहुल महाराज पालर, प्रधान अध्यापक श्री सतीश कुमार श्रीवास्तव जी की देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर विद्यालय में उपस्थित स्टाफ राहुल कोंतू ,रेनू श्रीवास्तव,अनिल कुमार पांचाल सहित बच्चों के अभिभावक एवं ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम मैं हुई विभिन्न गतिविधियों के बारे में बच्चों ने अपने शब्दों में अपना समर कैंप का अनुभव सभी अतिथियों से साझा किया, समर कैंप में उपस्थित हुए सभी बच्चों को फल एवं मिठाई खिलाकर समर कैंप का समापन किया गया।

# ट्रक में पीछे से घुसा दूसरा ट्रक, बकरियों से लदे ट्रक चालक की मौत

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव के पास बकरियों से लदा ट्रक आगे चल रहे ट्रक में पीछे से घुस गया। जिसमें चालक की मौत हो गई, जबकि परिचालक का उपचार चल रहा है।

मध्य प्रदेश के निवाड़ी में बड़ी माता मंदिर निवासी अजय अहिरवार 25 वर्ष ट्रक चलाता था। बताया गया है कि वह अपने साथी हेल्पर मोनू 26 वर्ष के साथ मंगलवार की सुबह ट्रक में बकरियां लादकर कानपुर देहात के चौरा जा रहा था। जैसे ही ट्रक शहर कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव के पास पहुंचा कि चालक अजय अपना संतुलन खो बैठा और ट्रक आगे जा रहे ट्रक से टकरा गया। इस हादसे में केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें फंसकर चालक व हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से वहां अफरातफरी मच गई और राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गम्भीर हालत में उठाकर मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने चालक अजय को मृत घोषित कर दिया, जबकि परिचालक का उपचार चल रहा है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और मामले की सूचना उसके परिजनों को दी। ख़बर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि वह सोमवार को ही घर से ट्रक लेकर निकला था, और उसके एक वर्ष की बेटी शिवांशी है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### दो युवकों पर छेड़खानी का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**जालौन।** बाबा को खेत पर पानी देने जा रही किशोरी को गांव के दो युवकों ने जबरन पकड़ लिया और उसके साथ छेड़छाड़ कर दी। विरोध करने पर युवक ने किशोरी का कुर्ता फाड़ दिया। पीड़िता के पिता ने शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांचकर रही है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी खेत में काम कर रहे बाबा को मंगलवार की दोपहर पानी देने जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में बैठे गांव के ही दो युवकों ने रास्ते में बने भूसाघर के पास उसे रोक लिया। युवक उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए उसे भूसाघर तक खींच ले गए। उसका गला पकड़ लिया और जमीन पर गिराने का प्रयास किया। जब किशोरी ने विरोध किया तो उन्होंने उसका कुर्ता फाड़ दिया। बेटी की चीख सुनकर गांव के लोग आ गए और युवकों को ललकार तो वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। डरी सहमी बेटी ने भागते हुए घर आकर आपबीती बताई। जब वह युवकों के घर शिकायत करने पहुंचे तो परिजन झग ?। पर आमदा हो गए और धमकी दे डाली।

### लाइसेंसी माउजर से युवक को लगी गोली, गंभीर हालत में रेफर

**उरई।** कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पण्डोरा में मंगलवार की सुबह लाइसेंसी बंदूक से गोली लगने से युवक के घायल हो गया। जिसे उपचार के बाद कानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पण्डोरा निवासी दुर्गेश द्विवेदी 30 वर्ष पुत्र कृपाशंकर मंगलवार की सुबह अपनी लाइसेंसी माउजर की सफाई कर उसे पास की तख्त पर रखकर लेट गया। इसी बीच उनका चार वर्षीय बेटा एकलव्य खेलते-खेलते माउजर के पास पहुंचा और अनजाने में हथियार का लॉक खोलकर ट्रिगर दबा दिया। अचानक चली गोली दुर्गेश के पेट में जा धंसी, जिससे वह लहूलुहान हो गया। गोली की आवाज सुनकर घर में हड़कंप मच गया और पास के लोग मौके पर पहुंच गए।

मौजूद लोगों की मदद से परिजनों ने तत्काल उसे गम्भीर हालत में सीएचसी पहुंचाया। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां से उन्हें कानपुर रिजेंसी अस्पताल रेफर कर दिया गया। वही इस विषय मे थाना प्रभारी प्रभात सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पण्डोरा में लाइसेंसी माउजर से गोली लगी थी। खबर मिलते ही वह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थे और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।


## न्यायालय जिला विवाह अधिकारी /अपर जिलाधिकारी (वि.एवं रा.) झांसी

**संख्या-09/वि.वि.अधिनियम-धारा-13 (2024)** **दिनांक- 29.05.2025**

**आदेश**

श्री निखिल राज पुत्र श्री ए0पी0 राज शेखरन नि0 एस-217 सिद्धेश्वर नगर आई0टी0आई0 थाना सीपरी बाजार जिला झांसी वर एवं अफसा खान पुत्री श्री आकिल खान, नि0 वार्ड-7 रतनगंज मोहल्ला कुंआ के पास बिजावर थाना व तहसील बिजावर जिला छतरपुर वधू द्वारा परस्पर विवाह हेतु विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के अन्तर्गत शपथ पत्रों के साथ दिनांक 29.05.2025 को आवेदन प्रस्तुत किया गया।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त विवाह के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 03.07.2025 के पूर्व भेजने का कष्ट करें।

( वरूण कुमार पाण्डेय )
जिला विवाह अधिकारी/अपर जिलाधिकारी
( वि0एवं रा0 ) झांसी।

संपादकीय

## सत्यपाल मलिकः मैं रहूं या ना रहूं, सच्चाई बयां कर रहा हूं

पूर्व केंद्रीय मंत्री और जम्मू कश्मीर के पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक इन दोनों राम मनोहर लोहिया अस्पताल में किडनी का इलाज करा रहे हैं।वह लगातार डायलिसिस पर हैं। सीबीआई ने उनके खिलाफ मुकदमा दायर कर चार्ज शीट प्रस्तुत कर दी है। सीबीआई पूँछ तांछ के नाम पर उनको लगातार परेशान कर रही है। राम मनोहर लोहिया अस्पताल में उनके इलाज को लेकर जिस तरह की सजगता बरती जानी चाहिए। उसमें लापरवाही हो रही है, ऐसा उनकी पोस्ट से लग रहा है। अस्पताल में रहते हुए उन्होंने सरकार और सीबीआई को कटघरे में खड़ा कर दिया है। सरकार और सीबीआई को अब जवाब देते नहीं बन रहा है। जो अपराध उनसे हुआ ही नहीं है। उसमें वह कैसे दोषी हो सकते हैं?अस्पताल से उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट लिखी है। जिसमें उन्होंने लिखा है, मेरी हालत बहुत गंभीर है। मैं पिछले एक महीने से अस्पताल में भर्ती हूं। किडनी की समस्या से जूझ रहा हूं। फिर से मुझे आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। मेरी हालत दिन प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। मैं रहूं या ना रहूं, देशवासियों को सच्चाई जरूर बताना चाहता हूं। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा,जब वह गवर्नर थे।उन्हें 150-150 करोड रुपए की रिश्वत की पेशकश की गई थी। उनके द्वारा उस पेशकश को अस्वीकार किया। इसकी सूचना प्रधानमंत्री को तुरंत कर दी थी। जब मैं गवर्नर था, इस समय किसान आंदोलन चल रहा था। मैंने किसानों के बीच जाकर उनके आंदोलन का समर्थन किया। जिन लोगों ने फाइल को क्लीयर करने के लिए दबाव बनाया था। उसकी शिकायत प्रधानमंत्री को उसी समय कर दी थी। उसके बाद से ही मुझे परेशान किया जा रहा है। महिला पहलवानों के आंदोलन को मेने अपना समर्थन दिया। पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों के मामले को उठाया। उसकी आज तक सरकार ने कोई जांच नहीं करवाई। सरकार ने मुझे सीबीआई का डर दिखाकर झूठे मामले में फसाने के लिए चार्जशीट दाखिल की है। जिस टेंडर को मैंने खुद निरस्त किया था। प्रधानमंत्री को बताया था। उसके बाद मेरा तबादला किया गया। सत्यपाल मलिक ने अपनी पोस्ट में लिखा है। सरकार ने मुझे बदनाम करने में पूरी ताकत लगा दी है। उन्होंने सरकारी एजेंसी से अनुरोध किया है। उनका 50 साल से अधिक का राजनीतिक जीवन है। उन्होंने बड़े-बड़े पदों पर सेवा की है। वर्तमान में एक कमरे के मकान में रह रहा हूं। मेरे ऊपर कर्ज है। यदि मेरे पास धन दौलत होती, तो मैं अपना इलाज कम से कम अच्छे प्राइवेट अस्पताल में कराता। सत्यपाल मलिक बड़े जुझारू नेता हैं। उन्होंने हमेशा नैतिकता की राजनीति की है। वह डरकर कोई भी काम नहीं करते हैं। उन्होंने पोस्ट में अपने गुरु पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह का भी उल्लेख किया है। जिस तरह से उनके ऊपर आरोप लगाए गए हैं। उनकी तबीयत खराब है। वह अस्पताल में भर्ती हैं। जिसके कारण उन्होंने सोशल मीडिया में पोस्ट लिखकर अपनी स्थिति स्पष्ट की है।उनकी वर्तमान हालत को देखते हुए इस पोस्ट को एक हिसाब से उनका मृत्यु पूर्व बयान भी कह सकते हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट में जिस तरह की आशंका जताई है, उससे यही भावना प्रगट होती है। प्रधानमंत्री से जब सत्यपाल मलिक ने शिकायत की थी। उस समय उन्होंने संघ के एक प्रचारक का नाम लेते हुए कहा था। उन्होंने दोनों फाइलों को क्लियर करने के लिए दबाब बनाया था। उन्होंने उनकी बात नहीं मानी थी। जिसका खामियाजा उन्हें अब भुगतना पड़ रहा है। वह अपनी छवि को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने हमेशा नैतिकता को सर्वोच्चता पर रखते हुए राजनीति की है। सीबीआई जांच के नाम पर मामले को लटका कर सरकार उन्हें बदनाम कर रही है। जिस मामले की शिकायत उन्होंने खुद की है। उस मामले में उन्हें फंसाने और भ्रष्टाचारी बताने की कोशिश सरकार कर रही है। इसको लेकर सत्यपाल मलिक व्यथित हैं। एक्स पर पोस्ट लिखने के बाद सत्यपाल मलिक ने अपनी ईमानदारी का परिचय दिया है। उसके बाद से यह मामला तूल पकड़ रहा है। आने वाले समय पर सीबीआई भी निशाने पर आ सकती है। पिछले कई महीनो से वह सत्यपाल मलिक के यहां जांच कर रही है। सरकार के इशारे पर उनके ऊपर दबाव बनाया जा रहा है। इसकी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया देश में होने लगी है। सत्यपाल मलिक ऐसे नेता हैं। जिनका भारतीय राजनीति तथा उत्तर प्रदेश की राजनीति में गहरा प्रभाव है। जिस व्यक्ति के पास एक कमरे का छोटा सा मकान हो। जिसके पास दो जोड़ी खादी के कपड़े हों। उनके ऊपर इस तरह के आरोप लगाना न केवल हास्यास्पद है। वरन सरकार और सीबीआई की साख को पलीता लगाने जैसा है। सत्यपाल मलिक अपनी इमेज को लेकर बहुत सतर्क हैं। उनको लगता है कि यदि उनकी मृत्यु हो जाती है। ऐसी स्थिति में उनका सच सभी को पता होना चाहिए।उसी सच को उजागर करके सत्यपाल मलिक ने सीबीआई और सरकार को चुनौती देने का काम किया है।

-सनत जैन

राज काज

## सत्यपाल मलिक ने एक्स पर लिखा सत्य

जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यपाल मलिक ने राम मनोहर लोहिया अस्पताल से एक्स पर पोस्ट की है उनके ऊपर जो आरोप लगाए गए हैं।सीबीआई जो जांच कर रही है। उसके बारे में उन्होंने सत्य बयान सोशल मीडिया एक्स पर लिखकर पोस्ट कर दिया है। उन्होंने कहा है, सच्चाई जानने की सभी को जरूरत है। अस्पताल में वह भर्ती हैं। आईसीयू में उन्हें भर्ती कर दिया गया है। राजनीतिक हल्कों में कहा जा रहा है। उन्होंने अपनी ईमानदारी को साबित करने के लिए एक तरह से मृत्यु पूर्व बयान एक्स पर पोस्ट कर दिया है। अस्पताल के पलंग में लेटे-लेटे भी सत्यपाल मलिक ईमानदारी की लड़ाई कैसे लड़नी है, यह जानते हैं।

## किसान हूं लड़ना जानता हूं

किसान नेता और जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने अपनी पोस्ट में लिखा है। मेरे पास 1 कमरे का मकान है। दो जोड़ी खादी के कपड़े हैं।मेरे ऊपर कर्ज है। बड़े-बड़े पदों पर सेवा करने के बाद भी अपना इलाज किसी अच्छे अस्पताल में नहीं करा पा रहा हूं। मैंने जो देश सेवा की है। वही मेरी दौलत है। उस दौलत को बचाए रखने के लिए सोशल मीडिया एक्स पर सत्य बयान सत्यपाल मलिक ने कर दिया है। क्या मालूम कब तक जीवित रहूंगा। किसान पुत्र हूं। ईमानदारी की लड़ाई तो लडूंगा। उन्हें सबसे बड़ा दुख इस बात का है।

## ओपेक के नियमों को नहीं मान रहा, यूएई

तेल निर्यातक देशों के संगठन ओपेक का सदस्य संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) संगठन के नियमों का उल्लंघन कर रहा है। यूएई का कहना है, वह अपने कोटे का 2.19 लाख बैरल तेल का रोजाना उत्पादन करता है। वहीं आरोप है, वह दो लाख से तीन लाख बैरल ज्यादा तेल का उत्पादन कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी का अनुमान है, यूएई ने अप्रैल में 33 लाख बैरल तेल का रोजाना उत्पादन किया है। इस मामले में सबसे बड़ा उत्पादक सऊदी अरब चुप है। आशंका है कि यूएई ओपेक से बाहर निकलने निकलने की तैयारी कर रहा है।

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

भारत सरकार मणिपुर की हिंसा को रोक नहीं पा रही है। मणिपुर 2023 से हिंसा में सुलग रहा है। मणिपुर में जो हुआ है। उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी,मणिपुर में वह सब हो रहा है। डबल इंजन की सरकार और सुप्रीम कोर्ट भी मणिपुर की हिंसा को रोकने में नाकाम साबित हुआ है। राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया, सेना और सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए।

# नेत्रदान मर के भी जिंदा रहने का अनमोल वरदान है

वैश्विक स्तरपर पृथ्वी पर विचलित 84 लाख योनियों की काया में यूं तो सभी अंग महत्वपूर्ण है,परंतु हर जीव की आंखें एक ऐसा कुदरत का दिया हुआ अनमोल गिफ्ट है, जिससे पूरी खूबसूरत दुनियाँ को सभी जीव देख सकते हैं, खास करके विशेष अद्भुत बुद्धिजीवी मानव योनि के लिए आंखें तो मानो एक खूबसूरत अद्भुत अंग है जिसके द्वारा



-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

वह जीते जी तो अपने परिवार साथियों सहित पूरी दुनियाँ को तो देख सकता है परंतु वह चाहे तो मृत्यु के बाद भी अपनी इन दोनों खूबसूरत आंखों से पूरी दुनियाँ को देख सकता है,बस फर्क केवल इतना है, अपना शरीर त्यागने के बाद वह दूसरे के शरीर से खूबसूरत दुनियाँ को देख सकता है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 10 जून 2025 को विश्व नेत्रदान दिवस है, इसलिए हमें समझना होगा कि,आँखों और दृष्टि का हमारें जीवन में बहुत बड़ा महत्व है। यदि व्यक्ति के जीवन में दृष्टि न हो तो उसके जीने का कोई मतलब ही नहीं होता और उसे प्रत्येक कार्य के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है। ऐसे तो सभी आंखों के महत्व को समझते हैं और इसीलिए इसकी सुरक्षा भी सभी बड़े पैमाने पर करते हैं। हममें से कुछ लोग ऐसे भी हैं जो दूसरों के बारे में भी सोचते हैं।आंखें ना सिर्फ हमें रोशनी दे सकती हैं बल्कि हमारे मरने के बाद वह किसी और की जिंदगी में उजाला भी भर सकती हैं। लेकिन कुछ लोग अंधविश्वास के कारण, ऑय डोनेशन नहीं करते। उनका मानना हैं कि अगले जन्म में वे नेत्रहीन ना पैदा हो जाएं। इस अंधविश्वास की वजह से दुनियां के कई नेत्रहीन लोगों को जिंदगी भर अंधेरे में ही रहना पड़ता है। सभी लोगोंको इस बात को समझना होगा और नेत्रदान अवश्य करना चाहिए।हमारा एक सही फैसला लोगों के जिंदगी में उजाला ला सकता हैं।चूँकि नेत्रदान महादान है व नेत्रदान मर के भी जिंदा रहने का अनमोल वरदान है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आओ अपनी आंखें दान करने का संकल्प लेकर अपनी जिंदगी के बाद दूसरों की दुनियाँ रोशन करें, आत्मा की खिड़की रूपी आंखों को मृत्यु के बाद भी जीवित रखें। साथियों बात अगर हम भारत में दृष्टिहीन या नेत्रहीन बांधवों का कॉर्नय प्रत्यर्पण कर 1 वर्ष में ही भारत को अंधत्व मुक्त भारत बनाने में सहयोग की करें तो, एक आंकड़े के अनुसार भारत में लगभग 1.25 करोड़ लोग दृष्टिहीन हैं, जिसमें करीब 30 लाख व्यक्ति नेत्र प्रत्यारोपण के माध्यम से नवदृष्टि प्राप्त कर सकते हैं, आकलन बताता है कि एक वर्ष में देश में जितने लोगों की मृत्यु होती है,



विश्व नेत्रदान दिवस पर विशेष - नेत्रदान महादान

अगर सभी के नेत्रों का दान हो जाए तो देश के सभी नेत्रहीन लोगों को एक ही साल में आंखें मिल जाएंगी, मगर लोग नेत्रदान करते नहीं हैं और कार्निया प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा सूची लंबी होती जाती हैं,कोरोना काल में तो नेत्रदान की संख्या और कम हो गई थी,खतरा केवल यही नहीं है, अपनी लापरवाही के कारण दुनियाँ धीरे-धीरे अंधत्व की तरफ बढ़ रहीहै,विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार मोतियाबिंद और ग्लूकोमा के बाद कॉर्निया की बीमारियां (आंखों की अगली परत कार्नियाका क्षतिग्रस्त होना) आंखों की रोशनी जाने की प्रमुख वजहें हैं,अंधत्व की समस्या से गुजर रहे 92.9 पेर्सेंट लोगों को अंधा होने से बचाया जा सकता है,इसे प्रिवेंटेबल ब्लाइंडनेस यानी रोका जा सकने वाला अंधत्व भी कहा जाता है,लेकिन मानवीय आदतों,जरूरत होनेपर भी आंखों का चश्मा नहीं लगाना, मोतियाबिंद का ऑपरेशन नहीं करवाना और ग्लूकोमा की समय-समय पर जांच नहीं करवाने, कंप्यूटर और मोबाइल पर ज्यादा काम करने से अधिकांश लोगों की आंखों को नुकसान पहुंच रहा है, बदलती लाइफस्टाइल,अनियमितदिनचर्या प्रदूषण और बहुत ज्यादा स्ट्रेस होने की वजह से ज्यादातर लोग आंख से जुड़ी समस्याओं का शिकार होने लगे हैं,ऑन लाइन क्लासेस और कंप्यूटर का इस्तेमाल बढ़ने से बच्चों और युवाओं की आंखों में सूखेपन की समस्या बढ़ी है।आज देश के कई नेत्रहीनों को हमारी आंखें नई रोशनी दे सकती हैं,मगर इसके लिए सबसे पहले हमें जीवित रहते हुए अपनी आंखों और उनकी रोशनी का ध्यान रखना और मृत्यु उपरांत नेत्रदान करना जरूरी है, जिस तरह से हमारी दिनचर्या बिगड़ रही हैं, हमें अपनी आंखों की देखभाल करने के लिए कुछ कार्य जरूर करना चाहिए जैसे, अच्छी दृष्टि के लिए संतुलित आहार का सेवन करें, अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जियों, अंडे, फलियों एवं गाजर को अधिक से अधिक मात्रा में शामिल करें, आंखों की सुरक्षा के जतन करें, आंखों के बेहतर स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए अपनी आंखों की नियमित जांच कराएं,यदि हम कंप्यूटर और मोबाइल पर लंबे समय तक काम करते हैं तो आंखों का सूखापन बढ़ सकता है।

साथियों बात अगर हम नेत्रदान की प्रक्रिया व पात्रता को समझने की करें तो,भारत में नेत्रदान की प्रक्रिया कैसे काम करती हैभारत में नेत्रदान की प्रक्रिया सरल है। (1) नेत्रदान की ओर पहला कदम किसी पंजीकृत नेत्र बैंक में नेत्रदान प्रतिज्ञा पत्र पर हस्ताक्षर करना है। (2) नेत्र बैंक द्वारा उपलब्ध कराए गए फॉर्म में अपनी सभी जानकारी भरें। (3) इसके बाद,और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अपने प्रियजनों को अपने निर्णय के बारे मेंसूचित करें ताकि वे जान सकें कि हमारी मृत्यु के बाद किसे फोन करना है (क्योंकि आंख निकालने की प्रक्रिया मृत्यु के लगभग तुरंत बाद होनी चाहिए)। (4) स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर अपनी आंखों की देखभाल करें ताकि दान के समय वे अच्छी स्थिति में हों। (5) यदि हमने नेत्रदान करने का संकल्प लिया है, तो सुनिश्चित करें कि हमारे प्रियजन मृत्यु के 6 घंटे के भीतर नेत्र बैंक को दान के लिए संपर्ककरें।उन्हेंनिम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करना होगा~(1) निकटतम नेत्र बैंक को कॉल करें। जितनी जल्दी हम कॉल करेंगे, उतना बेहतर होगा। (2) मृत व्यक्ति की दोनों आंखें बंद रखें तथा सूखने से बचाने के लिए नम रुई से ढक कर रखें। (3) हम शव को हवा से दूर बंद कमरे में रख सकते हैं, तथा सुनिश्चित कर सकते हैं कि पंखा बंद हो। (4) यदि संभव हो तो शरीर के ऊपरी आधे हिस्से को लगभग 6 इंच ऊपर उठाएं। (5) जब उपयुक्त कर्मचारी आएं,तो उन्हें आंखें निकालने में 20 मिनट से ज़्यादा समय नहीं लेनाचाहिए। वे यह भी सुनिश्चित करते हैं कि आंख निकालने के कोई भी निशान न रह जाएं।नेत्रदान के लिए कौन पात्र है सभी उम्र और लिंग के लोग नेत्रदान के लिए पात्र हैं। यहां तक कि मायोपिया और हाइपरोपिया जैसी अपवर्तक त्रुटियों वाले लोग या मोतियाबिंद की सर्जरी करवाने वाले लोग, उच्च रक्तचाप जैसी अन्य समस्याओं वाले लोग भी अपनी आंखें दान कर सकते हैं। कौन अपनी आंखें दान नहीं कर सकताजिन लोगों को संक्रामक रोग हैं,वेअपनी आंखें दान नहीं कर सकते। नेत्र बैंक के कर्मचारी ऐसी आंखों का उपयोग करने से पहले इन बीमारियों की जांच करते हैं। ये कर सकते हैं नेत्रदान,अधिकतर मामलों में हर कोई नेत्रदान कर सकता है,इसमें ब्लड ग्रुप, आंखों के रंग, आई साइट, साइज, उम्र, लिंग आदि से कोई फर्क नहीं पड़ता है, डोनर की उम्र, लिंग, ब्लड ग्रुप को कॉर्नियल टीश्यू लेने वाले व्यक्ति से मैच करने की कोई आवश्यकता नहीं होती है,जिन रोगियों ने मोतियाबिंद, काला पानी या अन्य आंखों का ऑपरेशन करवाया है, वे भी नेत्रदान कर सकते हैं, नजर का चश्मा पहनने वाले, मधुमेह, अस्थमा, उच्च रक्तचाप और अन्य शारीरिक विकारों जैसे सांस फूलना, हृदय रोग, क्षय रोग आदि के रोगी भी नेत्रदान कर सकते हैं।

सुविचार

मनुष्य अपने जन्म से नहीं बल्कि अपने कर्म से महान बनता है।

-चाणक्य

बड़ा सोचे, जल्दी सोचे, आगे सोचे विचारों पर किसी का एकाधिकार नहीं है।

-धीरूभाई अंबानी

प्रसंग

## स्वाभिमान

कलकत्ता विश्वविद्यालय के उपकुलपति का एक पत्र पाकर पं. मदन मोहन मालवीय असमंजस में पड़ गए। वे बुदबुदाए - अजीब प्रस्ताव रखा है यह तो उन्होंने। क्या कहूँ, क्या लिखूँ?

पास बैठे एक सजन ने पूछा, ऐसी क्या अजीब बात लिखी है पंडित जी उन्होंने।

वे मुसकुराकर बोले, कलकत्ता विश्वविद्यालय के उपकुलपति महोदय, मेरी सनातन उपाधि छीन कर एक नई उपाधि देना चाहते हैं। वे लिखते हैं - यह कहकर वे पत्र पढ़ने लगे। उस पत्र में लिखा था - कलकत्ता यूनिवर्सिटी आपको डॉक्टरेट की सम्मानित उपाधि से अलंकृत करके अपने आपको गौरवान्वित करना चाहती है। हम भी गौरवान्वित हो सकेंगे। आप अपनी बेशकीमती स्वीकृति से शीघ्र ही सूचित करने की कृपा कीजिए। प्रस्ताव तो उचित ही है। आप ना मत कर दीजिएगा मालवीय जी महाराज, यह तो हम वाराणसी वासियों के लिए विशेष गर्व एवं गौरव की बात होगी। तभी एक अन्य सजन ने हाथ जोड़ कर कहा उनसे। अरे बहुत ही भोले हो भैय्ये तुम तो। वाराणसी के गौरव में वृद्धि नहीं होगी। यह तो वाराणसी के पांडित्य को जलील करने का प्रस्ताव है। बनारस के पंडितों को अपमानित करनेवाली तजवीज़ है यह। बहुत ही व्यथित मन से मालवीय जी बोले। अगले ही क्षण उन्होंने उस पत्र का उत्तर लिखा - मान्य महोदय! आपके प्रस्ताव के लिए धन्यवाद। मेरे उत्तर को अपने प्रस्ताव का अनादर मत मानिएगा। मेरा पक्ष सुनकर आप उस पर पुनर्विचार ही कीजिएगा। मुझको आपका यह उपाधि वितरण प्रस्ताव अर्थहीन लग रहा है। मैं जन्म और कर्म दोनों से ही ब्राह्मण हूँ। किसी भी ब्राह्मण धर्म की मर्यादाओं के अनुरूप जीवन बिताता है। पंडित से बढ़कर अन्य कोई भी उपाधि नहीं हो सकती । मैं डाक्टर मदन मोहन मालवीय कहलाने की अपेक्षा पंडित मदन मोहन मालवीय कहलवाना अधिक पसंद करूँगा। आशा है आप इस ब्राह्मण के मन की भावना का आदर करते हुए इसे डाक्टर बनाने का विचार त्याग कर पंडित ही बना रहने देंगे। वृद्धावस्था में भी मालवीय जी तत्कालीन वाइसराय की कौंसिल के वरिष्ठ काउंसलर थे। उनकी गहन और तथ्यपूर्ण आलोचनाओं के बावजूद वाइसराय उनकी मेधा, सौजन्य, सहज पांडित्य आदि के क़ायल थे।

-गिरिजा सुधा

जरा हटके

## वैज्ञानिकों ने तैयार किया अनोखा प्लास्टिक

**टोक्यो (ईएमएस)।** प्लास्टिक दुनिया भर में समंदर को सबसे ज्यादा प्रदूषित करता है। माइक्रोप्लास्टिक न सिर्फ हमारे खाने में मिल चुका है, बल्कि यह अजन्मे बच्चों के गर्भनाल (प्लेसेंटा) में भी मिला है। यहां तक कि यह मैरियाना ट्रेंच जैसे महासागर के सबसे गहरे हिस्सों में भी पहुंच चुका है। लेकिन अब जापानी वैज्ञानिकों ने एक ऐसी नई प्लास्टिक तैयारी की है, जो इस गंभीर समस्या का समाधान कर देगी। इस नई प्लास्टिक को जापान के वैज्ञानिकों ने विकसित किया है। इसकी खासियत यह है कि यह पारंपरिक पेट्रोलियम आधारित प्लास्टिक जितनी मजबूत है, लेकिन इसमें बिल्कुल अलग तरीके से काम करती है। आमतौर पर प्लास्टिक को पूरी तरह से नष्ट होने में 20 से 500 साल लग जाते हैं। वहीं यह नई प्लास्टिक नमक के



संपर्क में आते ही अपने मूल तत्वों में टूट जाती है।

जब यह प्लास्टिक समुद्र के खारे पानी में गिरती है, तब यह महज एक घंटे में घुलकर अपने मूल रासायनिक घटकों में टूट जाती है। इन घटकों को समुद्र में मौजूद बैक्टीरिया पूरी तरह से प्रोसेस कर लेते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस प्रक्रिया में न माइक्रोप्लास्टिक और न ही नैनोप्लास्टिक जैसी कोई हानिकारक चीज बचती है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक लैब में वैज्ञानिकों ने इसका लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी किया, जिसमें यह प्लास्टिक सिर्फ एक घंटे में खारे पानी में गायब हो गई। बता दें कि मिट्टी में भी नमक मौजूद रहता है, लेकिन वहां इस प्लास्टिक को पूरी तरह टूटने में करीब 200 घंटे का समय लगता है। एक और अच्छी खबर यह है कि यह नई प्लास्टिक इंसानों के लिए नॉन-टॉक्सिक है। साथ ही इसमें आग लगने पर जहरीली गैसें भी नहीं निकलतीं और यह कार्बन डाइऑक्साइड भी रिलीज नहीं करती। वैज्ञानिकों का कहना है कि अभी यह प्लास्टिक बड़े पैमाने पर व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए तैयार नहीं है। लेकिन वे इसके लिए एक कोटिंग टेक्नोलॉजी पर काम कर रहे हैं, ताकि जल्दी बाजार में लाया जा सके। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के अनुसार, अगर मौजूदा रफ्तार से प्लास्टिक प्रदूषण बढ़ता रहा, तब 2040 तक यह तीन गुना हो जाएगा।

फोटो ऑफ द डे



लॉस एजिल्स में इमीग्रेशन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान जलते हुए वाहनों के धूंए के पास से मैक्सिको का झंडा लेकर निकलते हुए एक व्यक्ति। (फोटो-ईएमएस)

व्यंग्य

## खाली करने वाले

-डॉ. नरेन्द्र कोहली

मैं समय से स्टेशन पहुँच गया था। गाड़ी प्लेटफार्म पर लग तो गई थी, किंतु अभी उसकी सफ़ाई हो रही थी। सफ़ाई कर्मचारी ने दरवाज़ा बंद कर रखा था, इसलिए अंदर घुसना संभव नहीं था। इछा तो हुई कि उससे कहूँ कि भैया तुम अपना काम करते रहो, किंतु मुझे अपने स्थान पर बैठ जाने दो। न मैं तुम्हारे लिए कोई बाधा उत्पन्न करूँगा, न तुम मेरे लिए कोई परेशानी पैदा करो। पर मेरी सारी अनुनय विनय को उसने शांत मन से सुना और मुसकरा कर बोला, साब ! सफ़ाई कर लेने दो। झाड़ू के आक्रमण को आप झेल नहीं पाएँगे। उड़ती धूल में बैठना संभव नहीं है। वैसे भी, आप बैठ गए तो और लोग भी आ जाएँगे। और तब मैं सफ़ाई कर नहीं पाऊँगा। मैं डब्बे की पूरी सफ़ाई किए बिना उतर गया तो फिर आप ही शिकायत पुस्तिका मँगाएँगे और साहब बन कर उसमें लिखेंगे कि रेल्वे में आजकल सफ़ाई नहीं होती।

तर्क़ तो मेरे मन में भी बहुत सारे थे। मैं कहना चाहता था कि गाड़ी की सफ़ाई यार्ड में क्यों नहीं होती। गाड़ी प्लेटफार्म पर लग जाती है, तब तुम लोग सफ़ाई करने आते हो। पहले सो रहे थे क्या। और फिर डब्बा खोलोगे तो उधर से गाड़ी चलने के लिए सीटियाँ बजाने लगेगी। गार्ड हरी झंडी लहराने लगेगा। यात्रियों में ऐसी भगदड़ मचेगी कि अछे भले सभ्य लोग भी जानवर हो जाएँगे। आखिर तुम लोग क्यों नहीं चाहते कि लोग आराम से भले लोगों के समान, गाड़ी में प्रवेश करें। शांति से मुस्कराते चेहरों से अपने स्थान पर पहुँचें और सुखी मन से अपनी शायिका पर बैठ जाएँ।

पर यह सब मैंने कहा नहीं। प्लेटफार्म पर खड़ा प्रतीक्षा करता रहा। जब गाड़ी चलने में केवल दस मिनट रह गए तो उसने बड़ी कृपापूर्वक कपाट खोल कर हाँक लगाई, आ जाइए साब ! डब्बा तैयार है।

धक्कामुक्की तो होनी ही थी। हुई। अंततः मैं अपनी शायिका तक पहुँचा और हाँफता हुआ उसपर बैठ गया। जब श्वास कुछ नियमित हुआ तो उसपर बिस्तर बिछाया और लेटने की सोच ही रहा था कि एक साहब आ गए, आप यहाँ क्या कर रहे हैं?

**यह मेरा स्थान है:** स्थान आपके बाप का है। वे बड़े सहज भाव से बोले, मुझे रेलवे वालों ने ऊपर वाली शायिका दे दी है और मुझे वह पसंद नहीं है।

**तो?** तो क्या ! वे बिफर गए, नीचे वाली शायिका खाली कीजिए। यहीं टिके रहना चाहते हैं तो ऊपर वाली शायिका पर चले जाइए। नहीं तो टी. सी. से कह कर कोई और स्थान ले लीजिए। मैंने चकित भाव से उन्हें देखा। ऐसा नहीं है कि आजतक मैंने कभी अपनी शायिका न बदली हो, पर वह तो परस्पर समझौते से होता है। कोई प्रार्थना करता है, कोई याचना करता है, पर ये तो... यह कोई शराफ़त है? मैंने कहा। शराफ़त ! कभी शराफ़त से भी कोई स्थान खाली हुआ है? वे बोले, हमको तो खाली कराने का यही तरीक़ा आता है। मैं तो खाली नहीं करूँगा। आपके फ़रिश्ते भी करेंगे। वे बोले, आपका सामान उठा कर बाहर फेंक दूँगा, तो खाली करेंगे या नहीं। आप समझते हैं कि मैं आपका विरोध नहीं करूँगा। मैंने कुछ तेजस्वी स्वर में कहा, चुपचाप सह लूँगा, सब कुछ? आजतक तो सहते ही आए हैं। कभी विरोध नहीं हुआ। वे पूर्णतः आश्वस्त थे। क्या मतलब? आप ने ईरान खाली किया तो विरोध किया? वे मुसकरा रहे थे, अफगानिस्तान खाली किया तो कोई आपत्ति की?

चिंतन-मनन

## सच्चे साधु की पहचान

महात्मा बुद्ध ने अपने शिष्यों को दीक्षा देने के बाद कहा,तुम जहां भी जाओगे, वहां तुम्हें अच्छे और बुरे दोनों प्रकार के लोग मिलेंगे। अच्छे लोग तुम्हारी बातें सुनेंगे और सहायता करेंगे। बुरे लोग तुम्हारी निंदा करेंगे और गालियां देंगे। तब तुम्हें कैसा लगेगा? एक गुणी शिष्य ने कहा, मैं किसी को बुरा नहीं समझता। कोई मेरी निंदा करेगा या मुझे गालियां देगा तो मैं समझूंगा कि वह भला व्यक्ति है क्योंकि उसने मुझे सिर्फ गालियां ही दीं, मुझ पर धूल तो नहीं फेंकी। बुद्ध ने पूछा,और यदि कोई तुम पर धूल फेंक दे तो? मैं उसे भला ही कहूंगा क्योंकि उसने धूल ही तो फेंकी, थप्पड़ तो नहीं मारा। और यदि कोई थप्पड़ मार दे तो क्या करोगे?मैं उन्हें बुरा नहीं कहूंगा क्योंकि उन्होंने मुझे थप्पड़ ही मारा, डंडा तो नहीं मारा। और कोई डंडा मार दे तो? मैं उसे धन्यवाद दूंगा क्योंकि उसने मुझे केवल डंडे से ही मारा, हथियार से नहीं।लेकिन मार्ग में तुम्हें डाकू भी मिल सकते हैं जो तुम पर घातक हथियार से प्रहार कर सकते हैं।

तो क्या मैं तो उन्हें दयालु ही समझूंगा, क्योंकि वे मारते ही हैं, मार नहीं डालते और यदि वे तुम्हें मार ही डालें तो? शिष्य बोला,इस जीवन और संसार में केवल दुख ही है। जितना अधिक जीवित रहूंगा उतना दुख देखना पड़ेगा। जीवन से मुक्ति के लिए आत्महत्या करना तो महापाप है। शिष्य के वचन सुनकर बुद्ध बोले-तुम धन्य हो।

रोचक

## चीनी वैज्ञानिकों ने खोजा नया ग्रह

**बीजिंग,(ईएमएस)।** क्या हम अकेले हैं? यह सवाल विज्ञान, दर्शन और कल्पनाओं का केंद्र हमेशा से रहा है। अब चीनी वैज्ञानिकों ने इस रहस्य पर से पर्दा उठाने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। उन्होंने 2400 प्रकाश वर्ष दूर स्थित एक ऐसा ग्रह खोजा है, जहां जीवन की संभावनाएं नजर आ रही हैं। इस ग्रह का नाम केप्लर-725सी है और इसे सुपर-अर्थ की श्रेणी में रखा है, यानी यह आकार में पृथ्वी से बड़ा है लेकिन गैस के ग्रहों जितना नहीं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह खोज अंतरिक्ष में जीवन की तलाश को एक नई दिशा दे सकती है और यह भी संभव है कि इस ग्रह पर एलियंस रहते हों। चीनी खगोलशास्त्रियों ने इस ग्रह की खोज ट्रांज़िट टाइमिंग वेरिएशन (टीटीवी) तकनीक से की है, जो ग्रहों की गति में सूक्ष्म बदलावों का विश्लेषण करके उनकी उपस्थिति की पुष्टि करता है। केप्लर-725सी अपने तारे की परिक्रमा हर 207.5 दिन में पूरी करता है और यह अपने तारे के निवास योग्य क्षेत्र में मौजूद है यानी वहां तापमान जीवन के अनुकूल हो सकता है न बहुत गर्म, न बहुत ठंडा। रिपोर्ट में वैज्ञानिकों के मुताबिक इस ग्रह पर पानी मौजूद होने की संभावना जताई गई है, साथ ही यहां भी कहा गया है यहां ठोस सतह भी हो सकती है, जो जीवन के लिए जरूरी है। यह ग्रह पृथ्वी से करीब 10 गुना भारी है और इसे 'हाइसियन ग्रह' भी माना जा रहा है, जिसमें विशाल महासागर और हाइड्रोजन से भरपूर वातावरण होने की संभावना है।

# भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध

## ब्रसेल्स यात्रा में जयशंकर ने पड़ोसी देश को दिया कड़ा संदेश

**ब्रसेल्स।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर हो चुका है, लेकिन तनाव अब भी बना हुआ है। सीजफायर के बाद सभी लोगों के मन में सवाल उठा कि हमारी सेना जब पाकिस्तानी फौज को हर मोर्चे पर धूल चटा रही थी तो फिर अचानक से लड़ाई क्यों रोक दी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 10 मई को हुए संघर्ष विराम के पीछे की असली वजह बताई है। अमेरिकी वेबसाइट को दिए एक साक्षात्कार में जयशंकर ने कहा कि लड़ाई 10 तारीख को इसलिए रुकी, क्योंकि उस सुबह भारत ने पाकिस्तान के 8 प्रमुख एयरबेस पर हमला कर उन्हें तबाह कर दिया था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जयशंकर ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि हमें फर्क नहीं पड़ता कि आतंकवादी कहां छिपे हैं लेकिन वे पाकिस्तान के अंदर हैं, तो हम वहां तक जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भारत अब आतंकवाद के खिलाफ सीधे सैन्य कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकेगा। ब्रसेल्स यात्रा के दौरान जयशंकर ने कहा कि यह भारत का अपने पड़ोसी देश को कड़ा और स्पष्ट संदेश है कि वह आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो आतंकवाद को राज्य नीति के तौर पर इस्तेमाल करता है। यही समस्या है।

जब जयशंकर से पूछा गया कि क्या दोनों देशों को युद्ध के कगार पर लाने वाली परिस्थितियां अभी भी मौजूद हैं, तो उन्होंने जवाब दिया कि अगर आप आतंकवाद के प्रति प्रतिबद्धता को तनाव का स्रोत कहते हैं, तो निश्चित रूप से यह है। उन्होंने कहा कि भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में 7 मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी लॉन्चपैड्स को तबाह कर सैकड़ों आतंकियों को ढेर किया था।

जयशंकर ने बताया कि 10 मई की सुबह हमने पाकिस्तान के 8 मुख्य एयरबेस को निशाना बनाकर उन्हें तबाह कर दिया था। उन्होंने आगे कहा कि आप मेरी बात पर विश्वास न करें-गूगल पर मौजूद सैटेलाइट इमेज देख लीजिए। रनवे और हैंगर साफ तौर पर तबाह दिखाई देते हैं।



वाशिंगटन में अमेरिकी सेना की 250 वीं सालगिरह के लिए सैन्य कर्मचारी भारी हथियारों को उतारते हुए।

# रुसी राष्ट्रपति पुतिन एक प्रभावकारी शख्सियत और काफी इंप्रेसिव: एरॉल

## मस्क के पिता पहुंचे मास्को पुतिन की तारीफ की, ट्रंप-मस्क हो जाएगी सुलह



**मास्को।** दुनिया के सबसे अमीर इंसान और टेस्का के सीईओ एलन मस्क के पिता एरॉल मस्क रूस की यात्रा पर हैं। वह भारत से सीधे मॉस्को पहुंचे। उनका यह दौरा ऐसे समय में हुआ है, जब उनके बेटे मस्क और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच रिश्ते खराब चल रहे हैं। ऐसे में रूस पंचायती मोड में नजर आ रहे हैं। ट्रंप और मस्क की इस लड़ाई में रूस एक मध्यस्थ की भूमिका निभाने को बेचैन है। रूस ने पहले मस्क को राजनीतिक शरण का ऑफर दिया और अब उनके पिता एरॉल मस्क के रूस आने पर बहुत आवभगत की जा रही है।

ट्रंप और एलन मस्क की इस जंग के बीच रूस ने बयान दिया था। पुतिन ने कहा था कि अरब एलन मस्क रूस में शरण लेना चाहेंगे तो हम तैयार हैं। रूस की संसद के अंतरराष्ट्रीय मामलों की समिति के उपाध्यक्ष ने कहा कि अगर एलन मस्क को जरूरत पड़े, तो रूस उन्हें शरण दे सकता है। मॉस्को पहुंचे एलन के पिता एरॉल मस्क ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन की खूब तारीफ की है। एरॉल ने कहा कि पुतिन बेहद प्रभावकारी शख्सियत हैं। उन्होंने साबित किया है कि वह काफी इंप्रेसिव है।

एरॉल मस्क से जब फ्यूचर 2050 फोरम से इतर पूछा गया कि वह रूसी राष्ट्रपति से मिलने पर क्या सवाल पूछने चाहेंगे? इस पर एरॉल ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि वह अभी ऐसे ओहदे पर हैं कि वह पुतिन से सवाल पूछ सकें लेकिन रूस में बीते कुछ सालों में जिंदगी काफी बेहतर हुई है और ऐसा अच्छे नेतृत्व की वजह से हुआ है। इसलिए मैं पुतिन से पूछना चाहूंगा कि क्या वह मुझे अच्छी लीडरशिप कैसे की जाए। इसके गुर सीखा सकते हैं? एलन मस्क और ट्रंप की लड़ाई पर मस्क के पिता एरॉल ने कहा कि दोनों के बीच कुछ समय से काफी तनाव था और इसी तनाव की वजह से स्थिति ऐसी बनती चली गई। उन्होंने दोनों के बीच की इस लड़ाई को पति और पत्नी के झगड़े की तरह बताते हुए कहा कि दोनों जल्द ही सुलह कर लेंगे।

उन्होंने कहा कि एलन मस्क ने ट्रंप को सार्वजनिक रूप से चुनौती देकर गलती की।

## ट्रंप के दो दुश्मनों ने मिलाया हाथ, ईरान में रुस आठ न्यूक्लियर पावर प्लांट बनाएगा

**तेहरान।** ईरान के एटॉमिक एनर्जी ऑर्गेनाइजेशन (एईओआई) के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लामी ने घोषणा की है कि रूस दोनों देशों के बीच पहले से हस्ताक्षरित अनुबंध के तहत ईरान में आठ न्यूक्लियर पावर प्लांट बनाएगा। इस्लामी ने बताया कि आठ न्यूक्लियर रिएक्टर में से चार बुशहर के दक्षिणी प्रांत में बनाए जाएंगे।पत्रकारों से बात करते हुए इस्लामी ने बताया कि एईओआई की योजना देश की व्यापक ऊर्जा विकास रणनीति के हिस्से के रूप में ईरान की परमाणु ऊर्जा उत्पादन क्षमता को तीन गुना करना है। बुशहर प्लांट का निर्माण मई 2011 में रूस ने किया था, जो ईरान की पहली और एकमात्र चालू परमाणु ऊर्जा सुविधा है। ये देश के सिविलियन न्यूक्लियर एनर्जी प्रोग्राम का केंद्र रहा है। इसमें लंबे समय से रूस की सरकारी परमाणु एजेंसी रोसाटॉम का सहयोग भी है।

अप्रैल में ईरान के पेट्रोलियम मंत्री मोहसेन पकनेजाद ने बताया था कि रूस, ईरान में एक नए न्यूक्लियर प्लांट के निर्माण के लिए धन मुहैया कराएगा। पकनेजाद ने कहा था कि दोनों देश मास्को की क्रेडिट लाइन का उपयोग करते हुए नई परमाणु ऊर्जा सुविधाओं के निर्माण के साथ बुशहर पावर प्लांट के दूसरे और तीसरे चरण का काम पूरा करेंगे। इंटरनेशनल एटॉमिक एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने परमाणु शक्ति संपन्न देशों पर चर्चा करते हुई ईरान को उनकी सबसे बड़ी चिंता बताया था। उन्होंने कहा था कि ईरान एक सफल परमाणु परीक्षण को पूरा करने से बहुत ज्यादा दूर नहीं है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के अनुसार ईरान ने अभी तक हथियार कार्यक्रम शुरू नहीं किया है।

## गले तक कर्ज में डूबा जिन्ना का मुल्क, फिर भी रक्षा बजट में कर रहा इजाफा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान इनदिनों गंभीर आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है। यहां महंगाई रिकॉर्ड ऊंचाई पर है, विदेशी मुद्रा भंडार लगातार घट रहा है और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ अगला बेलआउट पैकेज भी अधर में लटका दिख रहा है। गले तक कर्ज में डूबा जिन्ना का देश भारत से टकराने के लिए रक्षा बजट में लगातार इजाफा कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर में पीटने के बाद सेना और सरकार रक्षा सामनों की खरीद में नागरिक सुविधाओं की बली देने को तैयार है। किस्तान में अप्रैल के आंकड़ों के अनुसार, महंगाई दर 18 प्रतिशत ऊपर बनी हुई है। खाने-पीने की चीजों से लेकर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भारी उछाल ने लोगों की कमर तोड़ दी है। पाकिस्तान की आर्थिक हालात इतनी बिगड़ चुकी है कि अब हर पाकिस्तानी नागरिक, यहां तक कि नवजात बच्चे पर भी औसतन 277,462 पाकिस्तानी रुपये का कर्ज़ चढ़ चुका है।

## आज का इतिहास 11 जून

1675 फ्रांस और पोलैंड के बीच गठबंधन हुआ.

1981 दक्षिण पूर्वी ईरान में भूकम्प से डेढ हजार से अधिक लोगों की मौते हुई.

1983 भारतीय उद्योग के वयोवृद्ध नेता जी.डी.बिरला का निधन.

1983 डॉ. फारुख अब्दुला जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री बने.

1984 जार्डन के शाह हुसैन ने पश्चिम एशिया में शांति के लिए अमरीकी भूमिका को अर्थहीन करार दिया.

1991 ईरान ने आरोप लगाया कि इराक दक्षिणी दल-दल में फंसे शिया मुसलमानों का सफाया करने के लिए सैनिक भेज रहा है.

1992 पनामा यात्रा के दौरान भड़की हिंसा से अमरीकी राष्ट्रपति जार्ज बुश को भागना पड़ा.

1993 उत्तर कोरिया ने परमाणु अप्रसार संधि से हटने का फैसला बदल दिया.

2000 पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ट नेता राजेश पायलट की दौसा के पास सड़क दुर्घटना में मृत्यु.

2001 कश्मीर के अनंतनाग जिले में संगूस स्थित मस्जिद में छिपे तीन उग्रवादी मारे गये.

2006 चांदीपुर रेंज में पृथ्वी मिसाइल का परीक्षण हुआ.

## प्रसंगतः अद्भुत मांग

प्रख्यात संत बाबा गुलाब चंद अघोरी अपने अद्भुत चमत्कारों के लिए प्रसिद्ध थे। उनके चमत्कार देखकर लोग दांतों तले अंगुली दबा लेते थे। लोगों को लगातार चमत्कार दिखाते-दिखाते बाबा ने उनमें महारत हासिल कर ली। इससे उनमें अभिमान आ गया। उन्हें अहसास हो गया कि वह कुछ भी कर सकते हैं। वह जिन लोगों से मिलते, अपने चमत्कारों या अपनी सिद्धियों की चर्चा जरूर करते। एक दिन बाबा गुलाब चंद संत साहित्य के लेखक सुदर्शन सिंह 'चक्र' की एक कविता पढ़कर गदगद हो उठे। चक्र जी की कविता से बेहद प्रभावित होकर उन्होंने उनसे कहा, 'आज तुम जो मांगोगे वही मिलेगा। मांगो, दिल खोलकर मांगो।' बाबा की बात पर चक्र जी बोले, 'नहीं बाबा, मुझे कुछ नहीं चाहिए। बस मैं भगवान की भक्ति तथा साहित्य की साधना करता रहूं, यही मेरी आकांक्षा है।' चक्र जी के यह कहने पर भी बाबा बार-बार उनसे आग्रह करते रहे और बोले, 'आज मैं अपनी ओर से पहली बार आग्रह कर रहा हूं। नहीं मांगोगे तो बाद में पछताओगे।' यह सुनकर चक्र जी ने कहा, 'बाबा मैं जो मांगूंगा, उसे आप दे भी पाओगे या नहीं, पहले यह विचार कर लीजिए।' इस पर बाबा बोले, 'नहीं, तुम जो मांगोगे वह अवश्य मिलेगा, मैं तुमसे वादा करता हूं।' इसके बाद चक्र जी बोले, 'बाबा, तो आप यह आशीर्वाद दीजिए कि भारत में जितने रोगी हैं वे सब निरोगी हो जाएं, जो दरिद्र हैं वे दरिद्र न रहें।' चक्र जी की अद्भुत मांग सुनकर बाबा हैरान हो गए और फूट-फूट कर रोने लगे। वह चक्र जी के सामने नतमस्तक होकर बोले, 'आज तुमने मेरा अभिमान नष्ट कर दिया। आज मुझे यह पता चल गया है कि मनुष्य सभी कुछ करने की क्षमता नहीं प्राप्त कर सकता। चाहे वह कितनी ही सिद्धियां प्राप्त कर ले, वह अक्षम ही रहेगा। सर्व सक्षम तो केवल ईश्वर है।' बाबा की बात सुनकर चक्र जी वहां से चले गए।

## दैनिक पंचांग

**11 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**बुधवार** 2025 वर्ष का 162 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** पूर्णिमा 13.14 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** ज्येष्ठा 20.11 बजे को समाप्त।
**योग** साध्य 14.04 बजे को समाप्त।
**करण** बव 13.14 बजे तदनन्तर बालव 01.54 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 14.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 05'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872372
**जूलियन दिन** 2460837.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज
**तारीख** 14
**विशेष** कबीरदास जयंती।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
| --- | --- | --- | --- |
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.34 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | कर्क | 07.47 बजे से |
| मंगल | सिंह में | सिंह | 10.03 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.15 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 14.26 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.41 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.57 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 21.02 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.48 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 00.21 बजे से |
| 12.00 से 1.30 बजे तक | | मेष | 01.52 बजे से |
| | | वृष | 03.32 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
| --- | --- | --- | --- |
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे गुरु अस्त पश्चिमी तिथि चर्तुदर्शी, 15 बुधवासरे, ज्येष्ठा नक्षत्रे, साध्य योगे, वल करणे, वृश्चिक की चंद्रमा, स्नानदान पूर्णिमा, धान्य छेदन मुर्हूत, गुरु अस्त पश्चिमें तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक बड़ा ही बुद्धिमान, योग्य, बुद्धिमान पंडित, लेखक, कवि, उत्तम प्रकृति, विद्या-बुद्धि का दाता, शिक्षक, लेक्चरार, प्रोफेसर, नीत निपुर्ण, सामाजिक कार्यकर्ता, पार्टी संगठक, बड़ा कलाकार, उद्यमी होगा।




मेष राशि: इष्ट मित्र सुख वर्धक होंगे, प्रयत्नशीलता तथा सफलता से लाभ होगा।

वृष राशि: समय पर सोचे कार्य बनेंगे, कार्य तत्परता से लाभ अवश्य ही होगा।

मिथुन राशि: मनोबल उत्साह वर्धक होगा, व्यावसायिक क्षमता में वृद्धि अवश्य होगी।

कर्क राशि: परिश्रम में सफलता सम्भव है, सोच-समझ कर कार्य करें।

सिंह राशि: कार्य वृत्ति में सुधार, चिन्ताऐं कम हों, सफलता के साधन अवश्य बनेंगे।

कन्या राशि: परिश्रम करने पर भी सफलता दिखायी न देवे, कार्य स्थगित रखना ठीक होगा।

तुला राशि: कुछ लोगों से मेल-मिलाप सम्भव, कार्य क्षमता अनुकूल अवश्य होगी।

वृश्चिक राशि: स्वास्थ नरम, चोटादि का भय होगा, मनोबल उत्साहवर्धक होगा।

धनु राशि: कार्य कुशलता से संतोष, दैनिक कार्यवृत्ति में सुधार होगा, ध्यान रखें।

मकर राशि: मनोबल उत्साहवर्धक हो, इष्ट मित्रों से परेशानी, धोखे से बचें।

कुंभ राशि: कार्य-व्यावसाय गति मंद होते हुए भी साधन सम्पन्नता बनकर कार्य होगा।

मीन राशि: विघटनकारी तत्व परेशान करें, अनायास कुछ बाधायें बन जायेंगी।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# पाकिस्तान ईशनिंदा कानून के बहाने अल्पसंख्यकों की जमीनों पर का रहा कब्जा!

## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की रिपोर्ट से हुआ खुलासा

**इस्लामाबाद।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ह्यूमन राइट्स वॉच ने हाल ही में एक चौंकाने वाली रिपोर्ट जारी की है, जिसमें पाकिस्तान के ईशनिंदा कानूनों के कथित दुरुपयोग को लेकर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इन कानूनों का इस्तेमाल जमीन हड़पने, ब्लैकमेलिंग, और धार्मिक अल्पसंख्यकों को जबरन बेदखल करने के लिए किया जा रहा है। बता दें ब्लैकमेल और लाभ के लिए पाकिस्तान के ईशनिंदा कानून का दुरुपयोग नामक 29 पन्नों की इस रिपोर्ट में बताया गया है कि कैसे ईशनिंदा के आरोपों का इस्तेमाल भीड़ को उकसाने, पूरे समुदायों को उनके घरों से बेदखल करने और उनकी संपत्ति हड़पने के लिए किया जा रहा है। यहां हैरानी वाली बात ये है कि लोगों को बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के बेदखल किया जा रहा है। ह्यूमन राइट्स वॉच ने मई 2024 से जनवरी 2025 के बीच लाहौर, गुजरांवाला, कसूर, शेखूपुरा और इस्लामाबाद जैसे पांच जिलों में ईशनिंदा के 14 आरोपियों के साथ बातचीत की। इसके अलावा वकीलों, सरकारी वकीलों, जजों, पुलिस अधिकारियों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और पत्रकारों का भी इंटरव्यू लिया। एचआरडब्ल्यू की एशिया एसोसिएट डायरेक्टर, पेट्रीशिया गॉसमन ने कहा कि पाकिस्तानी सरकार को अपने ईशनिंदा कानूनों में तत्काल सुधार करने चाहिए ताकि उनका दुरुपयोग कर प्रतिद्वंद्वियों को ब्लैकमेल करने, निजी दुश्मनी निकालने, और हाशिये पर खड़े समुदायों पर हमले करने से रोका जा सके।

संगठन ने पाया गया कि ईशनिंदा कानून के तहत आरोपी बनाए गए लोगों में से कई ईसाई और अहमदिया मुसलमान जैसे धार्मिक अल्पसंख्यक समूहों से हैं। कई मामलों में, आरोप लगाए जाने के बाद पूरे समुदाय को भागने पर मजबूर होना पड़ा, खासकर उन इलाकों में जहां निवासियों के पास औपचारिक भूमि के अधिकार नहीं थे। ह्यूमन राइट्स वॉच ने बताया कि इस तरह के विस्थापन के कारण अक्सर संपत्ति पर अवैध कब्जा कर लिया जाता है या जबरन बेच दिया जाता है।

## गिरी अर्थव्यवस्था को लेकर चीन परेशान, लंदन में की अमेरिकी मंत्रियों से मुलाकात

**लंदन।** अमेरिका और चीन के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने लंदन में मुलाकात की और व्यापार विवाद को सुलझाने की कोशिश की। चीन के उप प्रधानमंत्री हे लिफेंग के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक, वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट और व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर के साथ सोमवार को बातचीत की। चीन के वाणिज्य मंत्री भी बीजिंग के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। बातचीत के मंगलवार को भी जारी रही और दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल के बीच यह बातचीत पिछले महीने जिनेवा में हुई वार्ता के बाद हुई है। जिनेवा में बातचीत के बाद दोनों देशों के बीच व्यापारिक टकराव में अस्थायी राहत मिली थी। दोनों देशों ने 12 मई को घोषणा की थी कि वे एक-दूसरे पर लगाए 100 फीसदी से ज्यादा टैरिफ में से अधिकतर को 90 दिन के लिए निलंबित करने पर सहमत हुए हैं। दोनों देशों के बीच व्यापारिक टकराव के कारण मंदी की आशंकाएं पैदा हो गई थीं। अमेरिका और चीन दुनिया की सबसे बड़ी और दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। चीन के व्यापार सबंधी आंकड़ों से पता चलता है कि मई में अमेरिका को निर्यात एक साल पहले की तुलना में 35 फीसदी कम हुआ।

# पौधरोपण के लिए गड्ढों की खुदाई समय से कराएं: डीएम





## जिला गंगा व पौधरोपण समिति की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

**बांदा।** डीएम जे.रीभा ने जिला गंगा समिति/जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में कहा कि गड्ढों की खुदाई का कार्य समय से पूरा कर लिया जाए। जनपद में 64 लाख 90 हजार वृक्षों का रोपण किया जाना है। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों, परिवहन, रेलवे, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दो प्रकार के वृक्षों का रोपण करें, जिसमें फलदार वृक्ष व अन्य वृक्ष रोपित किए जाएंगे। उन्होंने जिला वनाधिकारी को मांग के अनुसार पौध की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पीएचसी/सीएचसी व विद्यालयों में वृक्षारोपण के साथ ग्रीन चौपाल भी कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने केन नदी के किनारे व चिन्हित स्थानों पर वृक्षारोपण की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को फलदार वृक्षों की पौध की उपलब्धता सुनिश्चित रखना के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त विकास खण्डों, तहसीलों एवं ग्राम स्तर पर यह वृक्षारोपण किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे, जिला विकास अधिकारी, जिला वनाधिकारी अरविंद कुमार सहित संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# मोर्हरम कमेटी से सर्वसम्मति से दोबारा अध्यक्ष बने शोएब



## शहर के सभी इमामबाड़े वालों ने एक रॉय होकर चुना अध्यक्ष

**बांदा।** शहीदाने कर्बला इमाम हुसैन की याद में मनाया जाने वाले मोहर्रम के दस दिवसीय आयोजन का समय करीब है। ऐसे में शहर मोर्हरम कमेटी की पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बैठक शहर के एक मैरिज हॉल में सम्मपन्न हुई। जिसमें शहर मोर्हरम कमेटी व शहर के सभी इमाम बाड़ों के खलीफा व मुतवल्ली सहित अकीदतमंदों ने शिरकत की। इस मौके पर वहां मौजूद शहर के सभी इमाम बाड़े वालों ने एक रॉय होकर अपने-अपने हांथो को बुलंद करते हुए शहर मोहर्रम कमेटी के मौजूद अध्यक्ष डा.शाएब न्याजी उर्फ शीबू न्याजी को अपना पुन: अध्यक्ष चुन लिया। इस मौके पर मर्दननाका चौकी व खाईंपार चौकी का पुलिस बल भारी तादाद में मौजूद रहा।

बैठक शुरूआत डा.शोएब न्याजी करते हुए सभी इमामबाड़े वालों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने उन्हें अध्यक्ष बनाया था। उनके कार्यकाल को तीन वर्ष हो चुके हैं। यदि आप सभी चाहें तो दोबारा चुनाव कराया जाये। इस सभी इमामबाड़े वालों ने एक रॉय होकर कहा कि हमें आप पर पूरा भरोसा है। हम सभी इमामबाड़े वाले पुन: सर्वसम्मति से एक मत होकर आपको अपना अध्यक्ष चुनते हैं। वहीं बैठक का संचालन कमेटी के महासचिव आसिफ अली ने किया। इस मौके पर रामाजी के इमाम बाड़े से मुन्ना रॉव व पूर्व मोहर्रम कमेटी महासचिव मो. हासिम ने मोहर्रम शहर कमेटी अध्यक्ष डा.शोएब न्याजी का गुलपोशी कर स्वागत किया। इस मौके पर कमेटी के उपाध्यक्ष अरशद निजामी, निजाम फारूक, शोएब रिजवी, मंत्री आरिफ खान, रशीद आतिशबाज, इरफान अली नत्थू सहित इमाम बाड़े वालों में हारून, अब्दुल हबीब, सैय्यद, रफीक अली वारसी, मो.सुभान, फहीम खान, शमीम, बाबू, मकसूद, आमिर अली, न्याज भाई, रिंकू अली, आरिफ खान, फिरोज खान, मो.युनुस, चांदबाबू, मुबीन, मो.रसीद, हमीद, आशिक अली, इनायत, शाकिर खान, मो.शकील, फिरोज अहमद, शानेआलम, मो.उमर सहित शहर के सभी इमाम बाड़े वाले मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय लेवेल क्रॉसिंग जागरूकता दिवस: वाहन चालकों को बताई सावधानियां




**झांसी।** मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन और वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी गिरीश कंचन के नेतृत्व में झांसी रेल मंडल द्वारा अंतरराष्ट्रीय लेवेल क्रॉसिंग जागरूकता दिवस के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत विभिन्न लेवेल क्रॉसिंग पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

संरक्षा विभाग के कर्मचारियों द्वारा गेटमैन की काउंसलिंग की गई। इसके साथ ही लेवेल क्रॉसिंग गेट पर खड़े वाहन चालकों को क्रॉसिंग से जुड़ी सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया गया। आम नागरिकों को संरक्षा पोस्टर तथा पंपलेट वितरण के माध्यम से भी लोगों को जागरुक किया गया। जागरूकता अभियान चलाने में अनिल कुमार मिश्रा, एस के अग्रवाल, नीलू कुमार, एस के गुप्ता, के के द्विवेदी, एस एस यादव, रविकांत तथा नुक्कड़ टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

संरक्षा विभाग के कर्मचारियों द्वारा लोगों को यह बताया गया कि बंद क्रॉसिंग को पार करने का प्रयास ना करें। बूम बैरियर को उठाने का प्रयास ना करें। गेटमैन पर गेट खोलने का दबाव ना बनाएं। गेट खुलने पर अपने ही लेन से पार करें, जाम की स्थिति ना उत्पन्न करें।

# हरित ऊर्जा की दिशा में झांसी रेल मंडल उठा रहा प्रभावी कदम



**झांसी।** मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के कुशल मार्गदर्शन और वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर (सामान्य) अशोक प्रिय गौतम के नेतृत्व में झांसी रेल मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। मंडल ने ग्रीन एनर्जी उत्पादन के क्षेत्र में कई प्रभावशाली कदम उठाए हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अप्रैल माह में मंडल ने 554 केडब्ल्यूपी क्षमता के ऑन-ग्रिड सोलर प्लांट्स के माध्यम से 67750 यूनिट बिजली का उत्पादन करते हुए लगभग 2.15 लाख रुपये की बचत दर्ज की है।

मंडल की कुल सोलर उत्पादन क्षमता 1204 केडब्ल्यूपी है। इसमें से 640 केडब्ल्यूपी के प्लांट ग्वालियर स्टेशन पर स्थित थे, जिन्हें स्टेशन रीडेवलपमेंट कार्य के कारण हटाकर अब रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, झाँसी में स्थापित किया गया है। इससे मंडल की उत्पादन क्षमता पुन: 1204 केडब्ल्यूपी हो गई है।

वर्तमान में जिन स्थानों पर सौर ऊर्जा उत्पादन हो रहा है, उनमें मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मंडल रेल चिकित्सालय, मंडल नियंत्रण कार्यालय, इलेक्ट्रिक लोको शेड, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना झाँसी, तथा खजराहा, छतरपुर, डबरा, सरकनपुर, टीकमगढ़, मुरैना व दतिया स्टेशन प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त मंडल के 13 अन्य स्थानों जैसे भरुआ सुमेरपुर, चिरगांव, मुस्तरा, एट, अतर्रा आदि पर 10 केडब्ल्यूपी क्षमता के ऑफ-ग्रिड सोलर प्लांट्स का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिनकी उत्पादन क्षमता शीघ्र ही सम्मिलित की जाएगी। साथ ही 400 केडब्ल्यूपी क्षमता के नए ऑन-ग्रिड सोलर प्लांट्स का कार्य मई 2025 तक 8 स्थानों पर पूर्ण किया जाएगा। मंडल द्वारा 145 समपार फाटकों पर 640 केडब्ल्यूपी क्षमता के ऑफ-ग्रिड सोलर प्लांट्स जून 2025 तक तथा 49 स्टेशनों पर 02 मेगावाट क्षमता के ऑन-ग्रिड सोलर प्लांट्स दिसंबर 2025 तक स्थापित किए जाने का लक्ष्य है।

# निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण शुरू, एक पखवारे तक होगा संचालन

## सामाजिक मुद्दों पर होंगी चर्चाएं, 28 जून तक चलेगा प्रशिक्षण



**बांदा।** महिला संस्था वनांगना के तत्वावधान गुड़तगू मंच कार्यक्रम के तहत 15 दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण शुरू हो गया। इसमें कंप्यूटर की बेसिक जानकारी, हिंदी व इंग्लिश टाइपिंग पर जोर दिया जाएगा। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र की 27 छात्राएं प्रशिक्षण ले रही है।

मंगलवार को अलीगंज (हाथीखाना) स्थित संस्था कार्यालय में प्रशिक्षण की शुरुआत करते हुए डायरेक्टर पुष्पा शर्मा ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा सकता है। महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत जरूरी भी है। नेतृत्व समूह अवधेश गुप्ता ने सभी का स्वागत किया। वरिष्ठ संदर्भ समहू शबीना मुमताड़ ने प्रशिक्षण के दौरान ध्यान रखने वाली बारीकियां को समझाया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के साथ ही सामाजिक मुद्दों को समझने और उन पर आवाज बुलंद करने के लिए भी सत्र चलाए जाएंगे। शोभा देवी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। पहले दिन प्रशिक्षक वंदना ने कंप्यूटर पार्ट के नाम व उनके कार्यों के बारे में विस्तार से समझाया। नेतत्व समूह मंजू सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यकर्ता फरहा, श्यामकाली, फरजाना, रानी ने व्यवस्था संभाली। प्रशिक्षण में 7 शहर के खाईपार, अलीगंज, बिजलीखेड़ा, गुलाब बाड़, खुटी चौरहा, इंदिरा नगर, पदमाकार चौराहा, खुटला, नवाब टेंक सहित गोयरा मुगली व तिंदवारी की छात्राएं शामिल रहीं।

# लंबे समय से मानक विहीन संचालित हो रहे हेल्थ सेंटर

## कमिश्नर और अपर कमिश्नर व संयुक्त निदेशक के छापे से खुली पोल

**बांदा।** कमिश्नर अजीत कुमार के निर्देश पर अपर कमिश्नर द्वितीय भगवान शरण व संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डा राजेश मोहन गुप्त द्वारा पिछले दिनों शहर के कुछ प्राईवेट अस्पतालों, क्लीनिकों और डायग्नोस्टिक सेंटरों पर की गई छापामार कार्रवाई में मिले सबूतों से यह साबित हो रहा है कि ये हेल्थ सेंटर लम्बे समय से मानकविहीन व अवैध तरीकों से चल रहे थे। मनमानी तौर से जनजीवन के साथ खिलवाड़ करते हुए मरीजों को लूटा खसोटा जा रहा था। जागरूक लोगों ने इस छापामार कार्रवाई की तारीफ़ तो की लेकिन अनेक यक्ष प्रश्न भी उठाए हैं, जैसे कि क्या स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन तंत्र अभी तक सो रहा था, क्या मेडिकल कॉलेज तथा जिला अस्पताल में तैनात अनेक सरकारी डॉक्टरों को सरकारी नियमों के विपरीत कथित मानकविहीन व अवैध निजी अस्पताल खोलकर जनजीवन से खिलवाड़ करके मरीजों को लूटने खसोटने की विशेष छूट मिली हुई है जो अपनी ड्यूटी के दौरान भी मरीजों का सही ढंग से इलाज नहीं करते और अस्पताल की सरकारी निशुल्क दवाएं? व प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र की सस्ती उत्तम दवाएं लिखने के बजाय दवाओं के नाम पर मेडिकल स्टोरों से व जांच के नाम पर पैथालॉजी सेंटरों से भारी कमीशन खाकर मरीजों को लूटते खसोटते हैं।

गौरतलब है कि जनजीवन से खिलवाड़ कर लूट खसोट करने वाले प्राइवेट हेल्थ सेंटरों व सरकारी डॉक्टरों का तथाकथित ?गोरखधंधा तो पूरे चित्रकूटधाम मण्डल में वर्षों से बेखौफ चल रहा है। कई प्राईवेट और सरकारी डॉक्टर तो अनेक मामलों में सच्चाई के विपरीत प्रामाणिकता की अपनी फर्जी रिपोर्ट लगाने से भी नहीं हिचकिचाते। गांवों कस्बों में भी कथित गोरखधंधेबाजों की भरमार है। सिर्फ प्राईवेट हेल्थ सेंटर ही नहीं, रानी दुर्गावती राजकीय मेडिकल कॉलेज व जिला चिकित्सालय सहित मण्डल के सभी जिला अस्पतालों के अनेक सरकारी डॉक्टर इस गोरखधंधे को बेखौफ अंजाम दे रहे हैं।

## मेहरोत्रा की धर्मपत्नी के निधन पर मोर्चा की शोकसभा

### केंद्रीय संगठन मंत्री प्रमोद शास्त्री को भी दी श्रद्धांजलि

**झाँसी।** बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा की शोकसभा केंद्रीय कैम्प कार्यालय पर आयोजित की गई। शोकसभा में बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक स्व. शंकरलाल मेहरोत्रा की धर्मपत्नी प्रमिला मेहरोत्रा व बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय संगठन मंत्री प्रमोद शास्त्री (समाधिया) के निधन पर शोक व्यक्त किया गया व हुतात्माओं की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर भगवान से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्व. मेहरोत्रा की धर्मपत्नी के बुंदेलखंड राज्य निर्माण में दिए गए उनके योगदान पर कृतज्ञता व्यक्त की व इसे मोर्चा व आन्दोलन के लिए अपूरणीय क्षति बताया। वक्ताओं ने स्व. समाधिया के योगदान को भी याद किया। शोकसभा में केंद्रीय अध्यक्ष हरिमोहन विश्वकर्मा, महामंत्री अजय शर्मा, विशाल मियादाद, अवधेश समेले, शक्ति महाराज, रणदीप रजक, महेंद्र शर्मा, राजेंद्र शर्मा, कोमल सिंह परिहार, गुड्डू जैन, जीतेन्द्र परमार, डॉ अरविन्द परमार, राजीव नायक, संतोष चौहान, विकास शर्मा, प्रमोद श्रीवास्तव, अमित विश्वकर्मा आदि सहित अन्य कार्यकर्ता-पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रोजगार मेले का आयोजन कल

**बांदा।** जिला सेवायोजन अधिकारी मोहित जायसवाल ने बताया कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर बंगालीपुरा में गुरुवार को सुबह 10 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन होगा। इसमें तमाम कंपनियां विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार के बाद बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन करेंगी।

### तीन वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**बांदा।** पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनमें तिंदवारी थाना पुलिस ने प्रमोद पटेल पुत्र भूपत निवासी जसईपुर को गिरफ्तार किया। इसके अलावा गिरवां थाना पुलिस ने श्याम सुंदर पुत्र सिद्धराम निवासी हुसैनपुर व राकेश कुमार पुत्र सुखदयाल निवासी हुसैनपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अब होगी नाकाबंदी, बार्डर होंगे सील

#### पुलिस अधीक्षक ने शुरू किया नाकाबंदी योजना का क्रियान्वयन

**बांदा।** अपराध पर प्रभावी नियंत्रण करने और आपराधिक घटनाओं के त्वरित अनावरण के लिए एसपी पलाश बंसल ने नाकाबंदी योजना का क्रियान्वयन शुरू किया है। इस योजना के तहत आपराधिक घटना के तत्काल बाद जिले की सभी सीमाओं को सील कर दिया जाएगा और चेकिंग की जाएगी।

एसपी श्री बसंल ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत यदि जनपद में किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना घटित होती है, तो तत्काल प्रभाव से जनपद की समस्त सीमाओं को सील करते हुए सभी प्रमुख बॉर्डर व चौराहों पर सघन चेकिंग की जाएगी। साथ ही, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की पहचान और निगरानी के लिए सभी चिन्हित स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा रहे हैं। इस योजना के तहत जनपद में कुल 35 स्थानों को चिन्हित किया गया है, जिनमें 15 अंतर्राज्यीय, अंतरजनपदीय सीमाएं, जिसमें पांच बिंदु मध्य प्रदेश की सीमा से दो बिंदु जनपद चित्रकूट सीमा से एक-एक बिंदु महोबा व हमीरपुर सीमा से और पांच बिंदु यमुना नदी सीमा पर स्थित इसके अलावा 20 अन्य महत्वपूर्ण स्थान, जो जनपद के भीतर प्रमुख चौराहों व यातायात बिंदुओं पर स्थित हैं। यह नाकाबंदी योजना न केवल अपराधियों की आवाजाही पर नियंत्रण रखने में सहायक होगी, बल्कि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में भी मील का पत्थर साबित होंगी। जनपद पुलिस आमजन से अनुरोध करती है कि वह नाकाबंदी के दौरान सहयोग प्रदान करें व किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन या डायल 112 पर दें।

### फर्जी दरोगा बनकर की अभद्रता, डकैती डालने की धमकी

**बांदा।** अतर्रा कोतवाली क्षेत्र के तेरा-ब गांव निवासी बद्री प्रसाद पुत्र रामप्रसाद सोनी ने थाने में शिकायती पत्र दिया। बताया कि उसकी बेटी की शादी पांच जून को हुई थी। पारिवारिक दीपक निवासी कालिंजर रोड सुभाष नगर बारात वाले दिन उसके घर शाम के समय आया और अभद्रता करने लगा, काफी हंगामा करने के बाद और पांच हजार रुपया छीनने के बाद वह वहां से चला गया। अगले दिन छह जून को मोबाइल पर फोन आया कि वह नरैनी थाने से एसआई बोल रहा है और अभद्रता की। कहा कि अभी तो पांच हजार रुपया लिया है, आगे देखना क्या होता है। पीड़ति ने बताया कि तब हम समझ पाए कि यह फर्जीएसआई है। इसके बाद भी आरोपी दीपक दूसरे नंबरों से फोन कर अभद्रता कर रहा है और धमकी दे रहा है। अतर्रा थाना प्रभारी आनंद कुमार ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### राजेश कुमार ठाकुरानी बने डीआरयूसीसी के सदस्य

**झांसी।** वरिष्ठ श्रमिक नेता राजेश कुमार ठाकुरानी को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विशेष अभिरुचि श्रेणी के अंतर्गत झांसी मंडल,उत्तर मध्य रेलवे के लिए मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया है। इस हेतु रेलवे बोर्ड ने पत्र जारी कर दिया है।

वर्तमान में ठाकुरानी उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ के मंडल संगठन मंत्री और भारतीय मजदूर संघ जिला झांसी के संगठन मंत्री का दायित्व निर्वहन कर रहे हैं , वे अब रेल उपभोक्ताओं के लिए भी काम करेंगे।

## » न्यूज कैप्सूल »

### पुराने विवाद को लेकर खेत में खड़ी हुई विपक्षी की गाड़ी पर दबंगों ने लाठी डंडों से की तोड़फोड़

**ललितपुर।** थाना गिरार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बड़वार में रहने वाले ग्रामीण के खेत में खड़ी हुई उसकी गाड़ी को दो बिपक्षियों ने पुराने विवाद की रंजिश में तोड़फोड़ कर उसका नुकसान कर दिया। ग्रामीण के विरोध करने पर गाली गलौज करो सी जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

ग्राम बड़वार निवासी सोनू पाराशर पुत्र मोहन ने थाना गिरार पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 2 जून 2025 को रात्रि करीब 11ः00 बजे उसकी चार पहिया गाड़ी खेत में खड़ी हुई थी। बताया गया है कि इसी दौरान थाना क्षेत्र के गांव मानपुरा में ही रहने वाले दबंग प्रवृत्ति के विपक्षी राजाराम पुत्र मथुरा ने पुराणे विवाद को लेकर अपने एक अन्य साथी के बल पर उसके खेत पर पहुंचकर उसकी ड़डी गाड़ी में जमकर तोड़फोड़ की। इतना ही नहीं उसे जानकारी हुई, तो उसने विपक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया। जिस पर दबँग विपक्षियों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। थाना गिरार पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ 324(4), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ करती है।

### भाई के साथ गाली गलौज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम करगन में एक दुकान पर बैठे ग्रामीण के साथ विपक्षियों ने सरेआम गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में पीड़ित के भाई ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर विपक्षी दंपति और उसके भाई सहित तीन आरोपियों पर मामला दर्ज कराया।

ग्राम करगन निवासी कन्हैया पत्र भजन सेन ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 6 जून 2025 को रात्रि करीब 9ः00 बजे उसका भाई अजय उर्फ भूरा गांव की ही एक दुकान पर बैठा हुआ था, उसी समय गांव में ही रहने वाला विपक्षी जगन्नाथ पुत्र हरप्रसाद अपने भाई छोटेलाल अपनी पत्नी क्रांति के साथ आया और उसके भाई के साथ गाली गलौज करने लगा। जब उसके भाई ने विपक्षियों की हरकत पर विरोध जताते हुए गाली गलौज करने से मना किया, तो सभी ने एक राय होकर उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। बिपक्षियों की मारपीट में उसके शरीर पर कई जगह चोटें आई हैं। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित के भाई द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर तीनों विपक्षियों के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### भाजपा कार्यालय के पास घायल लावारिस अवस्था में मिली बुजुर्ग महिला की हुई मौत

**ललितपुर।** शहर के बाहरी इलाके में स्थित कांशीराम कालोनी में रहकर अपनी गुजर बसर करने वाली एक महिला की मौत उस समय हो गई, जब वह रास्ते में जा रही थी। हालांकि इस दौरान इस 108 एंबुलेंस से उसे जिला चिकित्सालय भिजवाया, जहां महिला को मृतक घोषित किया गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार 70 वर्षीय रामदेवी अपनी एक सहेली जमाबती के साथ शहर के बाहर स्थित सुरई घाट काशीराम कॉलोनी में रहकर अपना गुजर बसर कर रही थी। बताया गया है कि सोमवार को करीब करीब 3ः00 वह अपनी सहेली के साथ किसी काम से हाईवे के पास स्थित भाजपा कार्यालय के आसपास कहीं जा रही थी। इस दौरान वह अचेत हो गई और रास्ते में गिर पड़ी। उसके साथ मौजूद जामवती ने उसे उठाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं उठी। तभी वहां से निकल रहे कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं ने 108 एंबुलेंस बुला कर दोनों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया, जहां डॉक्टरी परीक्षण के दौरान बुजुर्ग महिला को मृतक घोषित किया गया । मृतक महिला के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। पुलिस ने मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

### शौच क्रिया से लौटते समय दबंगो ने ग्रामीण के पुत्र को दबोच कर गाली-गलौज मारपीट कर दी धमकी

**तालबेहट ( ललितपुर )।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बीजरौठा की माजरा नौर में दबंग विपक्षियों ने ग्रामीण के पुत्र को शौच क्रिया से लौटते समय दबोच कर गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

ग्राम बीजरौठा की माजरा नौर रविंद्र पुत्र जयराम ने कोतवाली तालबेहट पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 9 जून 2025 को रात्रि करीब 8ः30 बजे उसका पुत्र राजकुमार शौच क्रिया से निपटकर कर अपने घर वापस आ रहा था। इसी दौरान रास्ते में पुरानी रंजिश को पाले हुए विपक्षिगण नितेश पुत्र शिवचरण, सुरेश पुत्र धरम, राजेश पुत्र कृष्ण आदि ने उसे रोक लिया और उसके पुत्र के साथ जमकर गाली गलौज की। इतना ही नहीं जब उसके पुत्र ने विपक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया, तब उन्होंने लात घुसा लाठी डंडों से जमकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।

# जनपद में एक बार फिर शातिर बदमाश और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़









### महरौनी इलाके में रात्रि स्वाट टीम महरौनी पुलिस और इनामिया फरार के बीच चली गोलियां

### बदमाश के पैर में गोली लगने से इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में कराया भर्ती

### अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध पिस्टल दो अवैध जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद

### बाईस दिन पूर्व न्यायलय से जिला कारागार लाते समय पुलिस को चकमा देकर हुआ था फरार

**ललितपुर।** करीब बाईस दिन पूर्व महरौनी न्यायालय से जिला कारागार लाते समय एक कैदी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। उक्त मामले में पुलिस की टीम ने शातिर पचचीस हजार के इनामियां अभियुक्त को उस समय धर दबोचा, ड़ब महरौनी और स्वाट टीम अभियुक्त को ढूंढ रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर देर रात्रि परिजनों से मिलने जाते समय पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार करने का प्रयास किया और इसी दौरान पुलिस और अभियुक्त के बीच मुठभेड़ हुई। इसी मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर घायल हालत में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। अभियुक्त के पास से असलाहा भी बरामद हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 19 मई 2025 को दर्ज मु0अ0सं0- 205/2025 धारा 115(2)/352/351(3)/119(1 ) मामले में महरौनी पुलिस ने अभियुक्त विसदेव पुत्र पप्पू आदिवासी उम्र करीब 23 वर्ष नि0 न्यू बस स्टैण्ड टीकमगढ़ थाना व जिला टीकमगढ़ म0प्र0, हाल निवासी कंचनपुरा थाना महरौनी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया था। लेकिन न्यायालय से मिलने के कारण महरौनी पुलिस ने अभियुक्त को एक होमगार्ड और एक पीआरडी जवान के साथ जिला कारागार भिजवाया था। लेकिन उक्त शातिर अभियुक्त न्यायालय से जेल ले जाते समय सदर कोतवाली क्षेत्र के इलाके गल्ला मंडी के पास से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था, जिसका मामला सदर कोतवाली में मु0अ0सं0- 582/2025 धारा 262 में पंजीकृत किया गया था और अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए 25000 का इनाम भी घोषित किया गया था। इस बात की जानकारी जब कानपुर पुलिस मुख्यालय को हुई, तब अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन ने जनपद पुलिस को किसी भी हालत में जल्द से जल्द अभियुक्त को गिरफ्तार करने की दिशा निर्देश जारी किये । इसके पश्चात पुलिस उप महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद की नाकाबंदी की गई और समस्त स्थान और कोटवालियों में अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए प्रयास तेज किए जाने लगे। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चैरिटी में लगी हुई थी जिसमें सदर कोतवाली पुलिस महरौनी कोतवाली पुलिस स्वाट और सर्वलाइंस टीम शामिल है इसी क्रम में ड़ब क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल सिँह की अगुवाई में कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत क्षेत्र में सोमबार की रात लगातार स्वाट टीम के साथ चेकिंग और गस्त अभियान चलाया जा रहा था।

#### इस तरह हुआ गिरफ्तार

इसी दौरान पुलिस को मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि पुलिस पुलिस कस्टडी से भगा हुआ शातिर अभियुक्त अपने परिजनों से मिलने के लिए जा रहा है। उक्त सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा रात्रि में करीब 12 बजे इलाके की नाकाबंदी की। ड़ब अभियुक्त ग्राम पठाविजय पुरा से ग्राम छपरट वाले रास्ते से जा रहा था, तब मौड़े पर पहुचनें पर गाडियो की रोशनी में एक व्यक्ति पैदल आता हुआ दिखायी दिया । पुलिस टीम को देखने पर उक्त व्यक्ति झाडियों की तरफ भागा । भागने पर पुलिस टीम द्वारा व्यक्ति को रूकने के लिए कहा गया उक्त व्यक्ति द्वारा अपने आप को पुलिस से घिरा समझकर जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर किया गया । पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ में जबाबी फायरिंग की गयी जिसमें अभियुक्त विषदेव उपरोक्त के पैर में गोली लगी और वह मौके पर ही जमीन पर गिर गये जिसे पुलिस द्वारा नियमानुसार हिरासत में लेकर, गोली लगने से घायल अभियुक्त को तत्काल उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया था ।

#### अभियुक्त के पास से बरामद हुआ असलहा

जब अभियुक्त घायल होकर जमीन पर धराशाई हो गया तब पुलिस ने उसे दबोच लिया. तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध पिस्टल मय मैगजीन, 02 अदद अवैध जिन्दा कारतूस 7.65 एमएम व 01 अदद अवैध खोखा कारतूस बरामद। यह भी जानकारी मिली कि अभियुक्त के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक मामले भी दर्ज हैं।

#### अभियुक्त को गिरफ्तारी करने वाली टीम

पुलिस कस्टडी से फरार हुए अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाले टीम में जांबाज महरौनी क्षेत्र अधिकारी रक्षपाल सिंह, निडर कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा प्रभारी निरीक्षक थाना महरौनी मय टीम, प्रभारी, स्वाट टीम ललितपुर मय टीम के शामिल रहे।

#### एसपी ने इनाम की घोषणा की

शातिर फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर जनपद में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म था लेकिन इस अटकलें के बाजार पर उसे समय विराम लग गया जब अभियुक्त की गिरफ्तारी मुठभेड़ के दौरान हो गई। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम को उत्साहवर्धन हेतु 25000/- रूपये के नगद पुरस्कार देने की भी घोषणा की है।

## बेतहाशा मोहब्बत में प्रेमिका के उत्पीड़न के चलते गई एक और नव युवक की जान

### शकी प्रेमिका के टॉर्चर से प्रताड़ित होकर पूजा पाठ करने वाले युवक ने फांसी लगाकर जीवन लीला की समाप्त

### कमरे में फांसी के फंदे पर लटकता मिला था युबक, सुसाइड नोट भी बरामद



**ललितपुर।** वर्तमान प्रदेश में सच्चे प्रेम की पहचान नहीं हो पा रही है जिसके चलते लगातार प्रेमिका और पत्तियों की उत्पीड़न के चलते पतियों की या प्रेमियों की जान पर खतरा बढ़ रहा था हुआ दिखाई दे रहा है। हाल ही में राजू रघुवंशी का मामला ठंडा भी नहीं हो पाया था कि शहरी इलाके में रहने वाले एक और प्रेमी ने अपनी प्रेमिका की उत्पीड़न के चलते अपनी जान दे दी। शहर के मोहल्ला लक्ष्मीपुर में रहने वाले एक युवक ने अपनी प्रेमिका के उत्पीड़न के चलते अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी मृतक के पास से पुलिस द्वारा सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है जिसमें उसने अपनी शकी प्रेमिका की उत्पीड़न की दास्तां भी बयान की है।

मिली जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत शहर के मोहल्ला लक्ष्मीपुर में रहने बाले 28 बर्षीय अंकित पसतौर पुत्र पुरुषोत्तम नारायण पस्तोर अपने माता-पिता और अन्य भाई बहनों के साथ रहकर पुजारीगिरी का काम कर अपना और अपने परिवार का वहां पोषण कर रहा था। बताया गया है कि वह प्रेम विवाह करना चाहता था क्योंकि वह तालाबपुरा निवासी किसी अन्य युबती से प्रेम भी करता था। लेकिन अंकित की प्रेमिका शकी किस्म की थी, जो बात-बात पर अपने प्रेमी पर शक जाहिर करती रहती थी कि उसका चक्कर कहीं और भी है। इसी बात का वह समय-समय पर उलाहना भी देती रहती थी। प्रेमिका की बेरुखी के चलते सोमवार की रात करीब 10ः00 बजे उसने ही अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली और अपने पीछे हस्तलिखित एक सुसाइड नोट भी छोड़ जो पुलिस ने शव को बरामद करते हुए उसके पास से जब्त किया। मृतक के पास से बरामद किए गए सुसाइड नोट में उसने प्रेम विवाह करने की हसरत जताई और प्रेमिका को सकी किस्म का भी बताया। उसने सुसाइड नोट में यह भी लिखा कि प्रेमिका की बेरुखी के चलते वह है सुसाइड कर रहा है। फिलहाल युवक की मौत से परिवार में मातम छाया है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी हुई है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

## मैक्स प्रो वर्ल्ड कंपनी द्वारा किए गए फ्रॉड के संबंध में ग्रामीण पर हुआ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

### डूब क्षेत्र के मुआवजे में मिली धनराशि को जल्द ही दुगना करने का झांसा देकर कंपनी में पैसा कराया था जमा

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मर्रोली निवासी एक ग्रामीण की डूब क्षेत्र में गई जमीन के मिले पैसे को एक धोखेबाज नहीं प्रो वर्ल्ड कंपनी में जमा करवा दिया और धन को दूना करने का झांसा देकर उसके साथ धोखाधड़ी करते हुए अमानत में खयानत की। जब ग्रामीण को समय पर पैसा वापस नहीं मिला, तो उसने विपक्षी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मामला दर्ज कराया।

ग्राम मर्रोली अरविंद लोधी पुत्र राजाराम लोधी ने डाक पेड़ के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर अवगत कराया कि उसका गांव भवानी बांध परियोजना डूब क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जिसका उसे बड़े पैमाने पर मुआवजा की धनराशि मिली थी, क्योंकि उसकी जमीन डूब क्षेत्र में चली गई थी। उसे बड़े पैमाने पर मुआवजे के मिलने वाली बात से थाना सोजना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गुड़ा भदौरा निवासी मुकेश जोशी पुत्र भागीरथ भली भांति जानता था, इसीलिए उसने कई बार उससे संपर्क किया। इस दौरान उसे विपक्षी ने अपनी मैक्स प्रो वर्ल्ड कंपनी शाखा नंदनपुरा झांसी में पैसा लगाने का दावा किया और जल्द ही उसकी रकम को दुगना करने का भी दावा किया। इसके साथ ही उसने यह कहा कि यदि कंपनी भाग गई तो उसका सारा पूरा भुगतान वह अदा करेगा। उसने विपक्षी की बात पर भरोसा कर लिया और उक्त कंपनी में लगाने के लिए पांच लाख रूपये दिनांक 31 जनवरी 2020 को मुकेश को दे दिया। इसके बाद मुकेश जोशी ने उसे एक 10 लाख रुपए का बांड दिया और नियत तारीख के बाद पैसा देने का भी वादा किया। इस दौरान जनवरी वर्ष 2025 में उसे जरूरी कार्य के लिए पैसों की जरूरत पड़ी, तब उसने विपक्षी से संपर्क किया और अपने जमा किए हुए पैसे वापस दिलाने की मांग की। लेकिन विपक्षी कई तरह से बहाने बाजी करता रहा लेकिन उसका भुगतान नहीं कराया। कुछ दिन बाद विपक्षी में अमानत में खयानत करते हुए ने बताया कि कंपनी भाग खड़ी हुई है, अब वह पैसा कहां से दे पैसा उसके पास नहीं है। इतना ही नहीं विपक्षी ने उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी भी दी। एसपी के निर्देश पर थाना बार पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा भेजे गए शिकायती पत्र के आधार पर विपक्षी आरोपी के खिलाफ 420, 406, 504, 506 धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय को जिला प्रशासन ने दी भावभीनी विदाई

### सम्मान समारोह में उनके कार्यकाल में कराये गए विकास कार्यों की हुई सराहना

### जनपद बस्ती में ज्वांइट कमिश्नर बनाये गए सीडीओ कमलाकांत पाण्डेय



**ललितपुर।** मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय का जनपद बस्ती में ज्वाइंट कमिश्नर के पद पर स्थानान्तरण होने के उपलब्ध में मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों ने एक-एक कर उनके कार्यकाल पर प्रकाश डाला और उनके सहयोग व सहजता के बारे में अपने-अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि उन्होंने पूर्व में भी मुख्य विकास अधिकारी के साथ कार्य किया है, वहां वे पीडी के पद पर तैनात थे। उन्होंने कभी आराम नहीं किया है, हमेशा मेहनत और दूरदर्शिता के साथ कार्य करते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में तीन विंग-विकास, राजस्व ओर पुलिस विंग ने आपसी समन्वय के साथ कार्य किया है, जिसका श्रेय मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी और पुलिस विभाग को जाता है। हम सभी आशा करते हैं कि आप जहां रहें, अपने मार्गदर्शन से विकास के नये-नये आयाम स्थापित करें और स्वस्थ्य रहें।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने कहा कि मुख्य विकास अधिकारी ने अपने कार्यकाल में ललितपुर में जो कार्य किये हैं, वे आज हम सभी धरातल पर देख रहे हैं, सीडीओ सर की सबसे महत्वपूर्ण बात उनकी सहजता और सरलता है, वे जिस तहर से हर एक अधिकारी और कर्मचारी से कार्य कराते हैं, वह अद्भुत है, आज तक किसी को कार्य करने में बोझ या तनाव महसूस नहीं हुआ है। सीडीओ सर ने हमेशा हर समस्या का हंसकर सामना किया है और कभी कोई समस्या अपने अधीनस्थों पर नहीं आने दी। आपका मार्गदर्शन हमेशा हम सभी को प्रेरणा देता रहेगा। अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने कहा कि मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में अनेकों विकास कार्य कराये हैं, जो आज जिले के अधिकारी और जनता के सामने हैं। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को जेडीसी बनने पर बधाई दी। नवागंतुक मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने कहा कि आज बहुत अच्छा अवसर है कि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से एक साथ मिलने का अवसर मिला है, उन्होंने बताया कि निवर्तमान सीडीओ से 1 घण्टे की मुलाकात में ही उनके द्वारा जिले की पूरी पृष्ठभूमि और प्रशासनिक व्यवस्था के बारे में पूरी जानकारी दी है। यह उनकी उत्कृष्ट कार्यकुशलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन और उनके नेतृत्व में सभी विकास कार्य तीव्र गति से कराये जायेंगे। कार्यक्रम के अंत में निवर्तमान मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय ने कहा कि उनकी पारिवारिक पृष्टभूमि राजनैतिक रही है, इसलिए वे लोगों की समस्याओं को भलीभांति समझते हैं। सरकारी सेवाओं में आने से पहले वे अधिकतर लोगों के बीच रहा करते थे और उनकी समस्याओं पर चर्चा करते थे। उनकी पहली नियुक्ति के दौरान उनके बडे भाई और उनके सहकर्मियों ने उनका बहुत साथ दिया, उन्होंने अधिकांश कार्य अपने परिवारजनों और सहकर्मियों से सीखा। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के उत्कृष्ट निर्देशन और नवाचार की सोच से जनपद में अनेकों विकास कार्य करने का मौका मिला है। इसी का परिणाम है कि जिले में खेल मैदान, नदी नालों का पुनरुद्धार, पार्क, अमृत सरोवर, मियावाकी वृक्षारोपण जैसे नवाचार आज धरातल पर दिखायी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम जितना सरल और सहज होकर कार्य करते हैं, परिणाम उतने ही सकारात्मक आते हैं। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम का संचालन बृजमोहन संज्ञा ने किया।

## आज होगा महिला उत्पीड़न की घटनाओं व पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाने महिला जनसुनवाई का आयोजन




### सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बालिका/महिला गृह व आंगनबाड़ी केन्द्र का होगा निरीक्षण

**ललितपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह ने अवगत कराया है कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता हेतु दिनांक 11 जून 2025 को प्रातः 11 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस मे मा0 सदस्या, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग श्रीमती अर्चना पटेल के द्वारा महिला जनसुनवाई की जाएगी, इसके पश्चात सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बालिका/महिला गृह व आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता के दृष्टिगत प्रदेश के विभिन्न जनपदों के राजकीय गेस्ट हाउसों में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/महिला जनसुनवाई/निरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके क्रम में माननीय सदस्या, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग श्रीमती अर्चना पटेल की अध्यक्षता में 11 जून 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

### पेयजल समस्या को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू

**ललितपुर।** जिले की पेयजल समस्या को दूर करने की मांग को लेकर नागरिक विकास मोर्चा द्वारा छठवें दिन भी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की है। हड़ताल के दौरान जल संस्थान के मनमाने रवैए को लेकर आक्रोश जताया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान पार्षद एड मनमोहन चौबे ने कहा कि छह दिन के धरना प्रदर्शन के बाद भी जिले के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौन धारण किए हुए हैं।

# जमीन माफियाओं में मची अफरा-तफरी, कार्यवाही की हुयी तैयारी

**महानगर में हैं 13 भू-माफिया, जल्द ही दर्ज होंगे कई और नाम**

**भू-माफियाओं के कब्जे में है कई हेक्टेयर सरकारी भूमि**

**दो के खिलाफ कार्रवाई कर वापस ली गई भूमि, नाम हटा सूची से**

बालेन्द्र गुप्ता

**झांसी।** नगर निगम की सरकारी भूमि को झांसी के भू-माफियाओं ने बुरी तरह से लूटा है, जिसकी वजह से नगर निगम की सूची में 13 लोगों के नाम भू-माफिया के रूप में दर्ज हैं। बताया जा रहा है कि सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वाले कुछ लोगों के नाम जल्द ही भू-माफिया की सूची में दर्ज किए जा सकते हैं। यदि इनका नाम भू-माफिया की सूची में दर्ज हो जाता है, तो झांसी के कई सफेदपोश बड़े नामचीन चेहरे बेनकाब हो सकते हैं। साथ ही इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

मालूम हो कि बीते बीस वर्षों में नगर निगम की सीमा में शामिल ग्राम सभाओं की बेशकीमती जमीनों पर बेतहाशा कब्जे किए गए। इनमें सिरमधा, बिजौली, हंसारी गिर्द, सिगर्रा, करारी, गढ़ियागांव, पिछोर और लहरगिर्द के भू- कारोबारी थे, जिन्होंने सरकारी जमीनों को भी कब्जा करके बाकायदा प्लाटिंग करके बेच दिया। इन जमीनों का क्षेत्रफल कई हेक्टेयर बताया जा रहा है।



मजे की बात तो यह है कि इन भू-माफियाओं में ज्यादातर वह लोग हैं जोकि किसी न किसी राजनैतिक दल से जुड़े हुए हैं और अपनी सरकारों के शासनकाल में इन्होंने जमकर जमीनों पर कब्जे किए और इन्हें बेचा भी। बीते दिनों नगर निगम ने घोषित भू- माफियाओं की सूची जारी की। इसे देखकर स्पष्ट होता है कि वर्तमान में भी कई भू- माफिया ऐसे हैं, जिनका किसी राजनैतिक दल से सीधा संबंध है।

नगर निगम के एक सेवानिवृत एडीएम के अनुसार भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही सरकारी भूमि को वापस लिया जाएगा। भू- माफियाओं की सूची के अनुसार सिमरधा के एक पूर्व पार्षद ने जमीन कब्जा करके प्लाटिंग कर दी। सैंयर निवासी एक भू- कारोबारी ने बिजौली में सरकारी जमीनों पर कब्जे किए। वहीं बिजौली के एक भू- कारोबारी ने भी सरकारी जमीनों पर कब्जे किए। हंसारी गिर्द के एक भू- कारोबारी ने अवैध कब्जे किए। सिंगर्रा निवासी एक दबंग ने तो सरकारी भूमि पर सागौन का बगीचा बना लिया। वहीं शारदा हिल्स निवासी एक भू- कारोबारी ने करारी सहित कई स्थानों पर सरकारी भूमि पर कब्जे करके प्लाटिंग की। बताया गया कि यह व्यक्ति अपने आपको राजनीतिक दल से जुड़ा बताता है। करारी में ही एक भू- कारोबारी ने पांच एकड़ से ज्यादा भूमि पर कब्जा करके बाउंड्रीवाल बना ली।

इसके अलावा गढ़ियागांव, पिछोर, बिजौली, सिमरधा के भू- कारोबारी हैं, जिन्होंने बाकायदा सरकारी जमीनों पर कब्जा किया, जिनके कब्जे से नगर निगम फिलहाल अपनी जमीनें मुक्त नहीं करवा सका है। लहरगिर्द में एक भू-माफिया ने तो 1.41 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा करके आश्रम बना लिया, हालांकि इसके कब्जे से सरकारी भूमि को मुक्तत कराने की काफी कोशिशें की गईं, लेकिन वह नाकाम रहीं। भूमि पर कब्जा करने वाले इस व्यक्ति की एक राजनीतिक दल में अच्छी पैठ बताई जा रही है। सेवानिवृत्त एडीएम ने बताया कि सरकारी भूमियों पर हुए कब्जों को मुक्त कराने के लिए नगर निगम कार्रवाई कर रहा है। इन भू- माफियाओं पर कई मुकदमें भी दर्ज हैं। कब्जा की गई जमीनों में से कई मामले अदालतों में विचाराधीन हैं।

# संगठित अपराध में लिप्त अपराधियों पर करें कड़ी कार्रवाई: डीआईजी

**फायर सर्विस की माक ड्रिल कराकर रिस्पांस टाइम को और बेहतर किया जाए**

**झांसी।** पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, केशव कुमार चौधरी द्वारा रेंज कार्यालय में परिक्षेत्र के जनपद झाँसी जालौन एवं ललितपुर के जनपद प्रभारियों के साथ अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाकर रेंज के जनपदों में सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु मासिक अपराध समीक्षा बैठक आहूत कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

डीआईजी ने लंबित विवेचनाऐं विशेषकर एससी एसटी एक्ट, महिला सम्बन्धी अपराध, पॉक्सो एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के अभियोगों की विवेचनाओं की समीक्षा कर शीघ्र निस्तारण कराने, अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री, अवैध मादक पदार्थ तस्करी गौबध तस्करी, आदि में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध पतारसी सुरागरसी कराते हुये प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

डीआईजी ने शातिर, अभ्यस्त व हार्डकोर अपराधियों के विरूद्ध अधिक प्रभावी कार्रवाई करते हुए गुण्डा, गैंगस्टर एक्ट, जिलाबदर कराते हुये हिस्ट्रीशीट खोलने, सक्रिय गैंग का पंजीकरण करने और पुरस्कार घोषित, गैंगस्टर में वांछित अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए गए। डीआईजी ने अपराधियों का सत्यापन कराने, गैंगस्टर एक्ट की धारा 107 क्ष्हस्स् के तहत अपराधियों द्वारा अपराध से अर्जित की गई चल-अचल संपत्ति का चिन्हीकरण कर जब्तीकरण की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

डीआईजी ने जनपद प्रभारियों को अवैध खनन पूर्णत: प्रतिबन्धित करने हेतु जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुये टीमें गठित कर प्रभावी कार्रवाई किए जाने व संलिप्त व्यक्तियों की छानबीन कर कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिये गये।

डीआईजी ने ग्रीष्मकालीन ऋतु में अत्यधिक भीषण तापमान के दृष्टिगत रेंज के जनपदों में सम्भावित अग्निकाण्ड की घटनाओं की रोकथाम हेतु फायर सर्विस को और अधिक सर्तक रहते हुए कम से कम रिस्पान्स टाइम में घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही किये जाने के साथ ही समय समय पर माक ड्रिल कराकर फायर कर्मियों की कार्यकुशलता व दक्षता बड़ाने के भी निर्देश दिए गए है । सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर असामाजिक/शरारती तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने तथा असत्य घटनाओं के सम्बन्ध में तत्काल खण्डन कराने के निर्देश दिये गए है।

डीआईजी ने बेहतर काम करने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत करने तथा लापरवाह व उदंडता करने वाले पुलिस कर्मियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिये गये। रेंज कार्यालय पर आयोजित अपराध समीक्षा बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी बीबीजीटीएस मूर्ति, पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो0 मुश्ताक, पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ. दुर्गेश कुमार, सीओ एलआईयू अनिल कुमार पाण्डेय, एडी महेंद्र कुमार दीक्षित, जेडी देशराज सिंह उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री द्वारा शुभारम्भ किए गए प्रथम पीपीपी मोड पर झांसी के आईसीयू




**सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं एजल स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल में सभी रक्षा कर्मियों और उनके परिवार को मिलेगी अस्पताल की सेवाओं पर 15 प्रतिशत की विशेष छूट**

**अस्पताल परिवार का प्रयास देश की सुरक्षा में लगे वीर सैनिकों और उनके परिजनों के प्रति सम्मान और आभार का प्रतीक**

**झाँसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बुंदेलखंड के प्रथम पीपीपी मोड पर झांसी केड़ सबसे बड़े 50 बेड के आईसीयू सहित, 200 बेड के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, एजल स्मार्ट सिटी होस्पिटल का शुभारंभ किया गया।

इस हॉस्पिटल में बहुत ही सस्ती दरों पर सभी प्रकार की खून की जांच, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, के साथ वरिष्ठ डॉक्टरों द्वारा ओपीडी की सुविधा उपलब्ध है। यहां पर सभी प्रकार की दवाइयां पर भी 50 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध है। इसी के साथ अस्पताल में भर्ती मरीजों का इलाज वरिष्ठ एवं अनुभवी डॉक्टरों द्वारा बहुत ही रियायती दरों पर उपलब्ध है।

इसी क्रम में 07 जून 2025 को एजल स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल परिसर में बने मंदिर में श्री राजाराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के साथ-साथ प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की कड़ी में एजल स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल झांसी द्वारा ऑपरेशन सिंदूर योजना का शुभारंभ सेना के ब्रिगेडियर अमित सरीन, कमांडेंट मिलिट्री हॉस्पिटल झांसी कैंट कर्नल निखिल सचदेवा, लोकसभा सांसद अनुराग शर्मा, महापौर बिहारी लाल आर्य, नगर आयुक्त सत्य प्रकाश ने संयुक्त रूप से किया। अस्पताल द्वारा रक्षा कर्मियों और उनके परिवारजनों के लिए एक नई योजना की शुरुआत की है। इस योजना के अंतर्गत सभी रक्षा कर्मियों और उनके परिवार को अस्पताल की सेवाओं पर 15 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जाएगी।

अस्पताल परिवार का यह प्रयास हमारे देश की सुरक्षा में लगे वीर सैनिकों और उनके परिजनों के प्रति सम्मान और आभार का प्रतीक है। महापौर बिहारी लाल आर्य द्वारा हॉस्पिटल परिसर में ऑपरेशन सिंदूर योजना के शुभारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई।

## सिंचाई बन्धु की बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न

**शासन की सभी योजनाओं से कृषकों को लाभान्वित करायें: उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु**

**झांसी।** उपाध्यक्ष मनमोहन सिंह की अध्यक्षता में सिंचाई बन्धु की बैठक का आयोजन विकास भवन, झाँसी के सभागार में किया गया। एजेण्डानुसार उपाध्यक्ष द्वारा झॉसी जनपद में सिंचाई विभाग द्वारा कराये जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गयी। उपाध्यक्ष %जनपद सिंचाई बन्धु के द्वारा बाढ़ काल से पूर्व नालों सफाई कराये जाने की वांछना करते हुए बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को शासन की सभी योजनाओं से कृषकों को अधिक से अधिक लाभान्वित कराने हेतु निर्देशित किया। उपाध्यक्ष द्वारा अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, ग्रामीण, झॉसी से बदले जाने की वांछना की गयी। बैठक में उपस्थित सहायक ग्राम बरल स्थित गऊशाला के ट्रांसफारमर को तत्काल महेन्द्र शर्मा, अध्यक्ष बुन्देलखण्ड किसान मोर्चा, द्वारा बबीना ब्लाक स्थित मानपुर तालाब से निकली नहर पर पुलिया निर्माण कराये जाने वांछना की गयी। बैठक में अंकित भार्गव, सतीष राजपूत सुनील रिछारिया समेत विभिन्न कृषकों एवं जनपदीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं बैठक के अन्त में पंकज सिंह नोडल अधिकारी/अधिशासी अभियन्ता झाँसी प्रखण्ड बेतवा नहर, झाँसी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त कृषक बन्धुओं का आभार व्यक्त किया गया।

# योगी सरकार की मदद से तुलसी और औषधीय पौधों के उत्पादन की ओर कदम बढ़ा रहा झांसी का एफपीओ

**1200 से ज्यादा किसान एफपीओ से जुडकर कर रहे हैं तुलसी और औषधीय पौधों का उत्पादन**

**पतंजलि समेत कई प्रतिष्ठित समूहों को तुलसी और अन्य उपज बेचते हैं झांसी के एफपीओ से जुड़े किसान**

**योगी सरकार उद्यान विभाग के माध्यम से एफपीओ को कर रही है प्रोत्साहित**



**झांसी।** योगी सरकार किसानों को एफपीओ के माध्यम से कृषि और औद्यानिकी आधारित उद्यमिता की राह पर आगे बढ़ाने में मदद कर रही है। झांसी में किसानों का समूह किसान उत्पादक संगठन के माध्यम से तुलसी और अन्य औषधीय पौधों का उत्पादन कर नजीर बन गया है। इस एफपीओ में लगातार किसानों की संख्या बढ़ रही है। एफपीओ से जुड़े लगभग 1240 किसान अपने पैदावार को औषधि बनाने वाली कंपनियों को सप्लाई दे रहे हैं। इसके साथ ही खुद का प्रोसेसिंग प्लांट लगाकर कई तरह के उत्पाद तैयार कर उसकी ब्रांडिंग और मार्केटिंग का काम भी कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार के उद्यान विभाग की मदद से झांसी में बुन्देलखंड औषधि फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी नाम के एफपीओ की शुरुआत लगभग तीन साल पहले की गई है। इस एफपीओ से अभी तक झांसी जिले के 1240 किसान जुड़े हैं। मुख्य रूप से किसान तुलसी की रामा, कृष्णा और बना किस्मों की पैदावार कर रहे हैं। तुलसी के अलावा अश्वगंधा, कैमोमाइल, किनोवा और चिया सीड की पैदावार किसानों का यह समूह कर रहा है। पतंजलि समेत कई नामी कम्पनियां इस एफपीओ से पैदावार की खरीद करती है। किसानों ने अपना एक प्रोसेसिंग प्लांट भी शुरू किया है और ग्रीन टी, हर्बल टी जैसे उत्पाद तैयार कर रहे हैं।

बुन्देलखंड औषधि फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी के चेयरमैन और प्रगतिशील कृषक पुष्पेंद्र यादव ने बताया कि अभी तक उनके एफपीओ से लगभग 1240 किसान जुड़े हैं। औषधीय पौधों की पैदावार के माध्यम से किसानों की आमदनी को बढ़ाने में मदद मिल रही है। प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की किसानों की आमदनी बड़ाने की मंशा को साकार करने की दिशा में इस तरह के प्रयास मददगार साबित हो रहे हैं। उद्यान विभाग की मदद से हमने एफपीओ की शुरुआत की और इसके साथ जुड़कर किसान तुलसी की खेती से अलावा कई अन्य तरह के औषधीय पौधों की भी खेती कर रहे हैं।

# औद्योगिक इकाइयों को निर्बाध विद्युत सप्लाई करने से ही बदलेंगी जनपद की दशा और दिशा: डीएम

**जीसीबी रेडी 183 इकाइयों के सापेक्ष 85 इकाइयों ने किया प्रोडक्शन प्रारम्भ, शेष इकाइयाँ भी जल्द करें प्रोडक्शन प्रारम्भ**

**सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रोत्साहन नीति -2022 जनपद के इन्वेस्टर्स के लिए बेहद लाभप्रद, उद्यमी आगे आए**



**झांसी।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में जिला स्तरीय एमओयू क्रियान्वयन इकाई एंव व्यापार बंधु समिति की बैठक में अध्यक्षता करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भारत का सबसे आकर्षक निवेश गंतव्य बनकर उभरा है। राज्य सरकार त्वरित एवं पारदर्शी निवेश-वातावरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम प्रगतिशील उद्यमों का स्वागत करते हैं और उनकी विकास यात्रा में भागीदार बनने का संकल्प लेते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर इकानॉमी बनाए जाने के लक्ष्य के लिए जारी प्रयासों में अधिकारी संवेदनशील होकर तेजी लाएं। उन्होंने कहा प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाए जाने के लिए जनपद झाँसी में असीम संभावनाएं है, यहां दक्ष और कुशल जनशक्ति की उपलब्ध है, जिसका निवेशक उपयोग कर बुन्देलखण्ड को एक समृद्ध- खुशहाल और पूर्ण विकसित क्षेत्र बनाया जा सकता है।

उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि उद्योग स्थापन में निरंतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, विद्युत सप्लाई न मिलने के कारण कारखाने में उत्पादन संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यदि इकाइयों को पर्याप्त विद्युत सप्लाई की जाए तो बुन्देलखण्ड की दिशा और दशा में गुणात्मक बदलाव बदलाव आएगा।

जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान शासन स्तर से हस्ताक्षरित हुए एमओयू के क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान कहा कि जनपद में इन्वेस्टर्स फ्रेंडली माहौल का अधिक से अधिक उद्यमी लाभ उठाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत अंत निदेशालय स्तर से जनपद झांसी हेतु 40 का लक्ष्य आवंटित किया गया है, जिसके अंतर्गत सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों में तीन वर्ष या उससे अधिक वर्षों से संचालित इकाइयों में पुरानी मशीनों को उच्चीकृत तकनीक के अपग्रेडेशन हेतु इच्छुक द्वारा योजना अंतर्गत लाभ लेने हेतु ऑनलाइन आवेदन www.msme.up.gov.in करें।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद, अपर जिलाधिकारी प्रशासन शिव प्रताप शुक्ल, पुलिस अधीक्षक नगर ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग मनीष चौधरी, अपर नगर आयुक्त श्रीमती रोली गुप्ता, अशोक आनंदानी, अध्यक्ष उ0प्र0 व्यापार मंडल संजय पटवारी, समर्थ दीक्षित आशी हेल्थ टैक, अमित सिंह, मनमोहन गेड़ा, पुनीत अग्रवाल, संतोष कुमार साहू सहित अन्य उद्यमी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आजादी के रंग वीरों के संग विषय पर हुई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

**झांसी।** राजकीय संग्रहालय झांसी एवं भारत विकास परिषद मणिकर्णिका झांसी के संयुक्त तत्वावधान में आजादी के रंग वीरों के संग विषय पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रोली गुप्ता, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, झांसी रही । भारत विकास परिषद के संरक्षक कुंज बिहारी गुप्ता, अर्चना गुप्ता एवं डॉ नीति शास्त्री का सानिध्य रहा। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक से बड़कर एक अभिनय प्रस्तुत किये। इसमें दर्शिका खरे ने रानी लक्ष्मीबाई के परिधान में प्रस्तुति दिया और संवाद प्रस्तुत किया । इसी कड़ी में अवनी यादव ने भी रानी लक्ष्मीबाई के परिधान में संवाद प्रस्तुत करते हुए कहा कि मैं अपनी झांसी नही दूंगी। इशिका ने कहा बुंदेले हर बोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी। संग्रहालय के उप निदेशक डॉ मनोज गौतम ने कहा कि इस तरह के आयोजन का उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति की भावना का संचार करना है। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों ने एक एक किरदार को अपनी प्रस्तुति से जीवंत कर दिया। कार्यक्रम मेँ 30 बच्चों ने प्रतिभागी किया जिनमें चतंजींउ वर्ग मेँ प्रथम इश्कि, द्वितीया चैतन्य मोदी, तृतीय शाश्वत, सान्त्वना पुरुस्कार दर्शिका को मिला और द्वितीया वर्ग मेँ प्रथम सौम्या सिंह द्वितीया अवनी तृतीय आर्य अग्रवाल रही अयूबी को विशिष्ट पुरूस्कार दिया गया। निर्णायक मंडल में देवदत्त बुधौलिया डॉ रंजना बुंदेला माला मल्होत्रा रहीं। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ स्वप्लिन मोदी रही। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अनिता सिंह ने किया।

स्वामी निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.,मुद्रक, प्रकाशक, श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल-462023, म.प्र. से मुद्रित एवं कैमासनपुरम, करगुंजी, मेडिकल कॉलज के पास, कानपुर रोड, झाँसी से प्रकाशित।
संपादकः बालेन्द्र गुप्ता पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र झांसी रहेगा।) फोनः 9936277530, 9450071944, ई-मेलः balendragupta271@gmail.com आर.एन.आई.नं. UPHIN 2012/47946